श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं हैदराबाद की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण मानता हूं और उस घटना से अपने को जोड़ता हूं। ऐसे जघन्य अपराधियों पर तत्काल कार्रवाई हो।

मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री, भारत सरकार का ध्यान अपनी लोक सभा और उत्तराखंड रेल लाइन और व्यवस्था के बारे में आकर्षित करना चाहता हूं। इससे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय रेल मंत्री का धन्यवाद करना चाहता हूं जिन्होंने आजादी के बाद पहली बार पहाड़ के अंदर ऋषिकेश से लेकर देवप्रयाग, कीर्तिनगर, गोचर, श्रीनगर, कर्णप्रयाग तक रेल पहुंचाने का काम किया है। काम तेजी से बढ़ रहा है। यात्री एवं जनता आने वाले समय में इसमें यात्रा करेंगे।

देहरादून से कोटद्वार, रामनगर, टनकपुर तक नई रेल लाइन बिछाने का काम किया जाए। कोटद्वार से हावड़ा, देहरादून जाने वाली ट्रेन में दो डिब्बे कोटद्वार से जुड़ते थे, इन जनता ट्रेन में जुड़ते थे। लखनऊ, कोलकाता, गोरखपुर आदि बहुत यात्री जाते थे। ये डिब्बे हटाए गए हैं, इन्हें जोड़ने का काम किया जाए। रामनगर डिवीजन को बरेली के बजाय मुरादाबाद से जोड़ा जाए। वहां के स्टेशन का विस्तारीकरण किया जाए। टनकपुर, अल्मोड़ा और भागेश्वर तक रेल लाइन बिछाने का काम को भी प्रारंभ किया जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री तीर्थ सिंह रावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI SAPTAGIRI ULAKA (KORAPUT): Thank you, hon. Speaker, Sir. Today, I would like to raise a very important issue about mobile connectivity in my constituency, Koraput.

In a written answer on 20th November, the hon. Minister of Communications had mentioned that under LWE Phase-II, 2217 mobile towers have been approved for mobile connectivity covering various States, including Odisha. Unfortunately, in Rayagada and Koraput districts, which are aspirational districts, for the last two-three years BSNL has not set up a single mobile tower. There are a lot of GPs in both the districts, Koraput and Rayagada, where there is absolutely no network coverage. It is very important for addressing issues like the health emergencies, implementation of State and Central Government schemes, connecting people to mainstream, etc.

Sir, can I lay the list of the GPs on the Table if there is shortage of time?

माननीय अध्यक्ष: आप लिस्ट सभा पटल पर रख सकते हैं। मैं माननीय मंत्री जी से भी कहूंगा आपसे बात कर लें।

*__SHRI SAPTAGIRI ULAKA :__ The following GPs (51) in Koraput District have no network coverage:-

1. Bandhugaon Block (4 GPs): Kumbhariput, Kaberibadi, Almonda, Bandhugaon
2. Narayanpatna Block (4 GPs): Borigi, Bijaghati, Balipeta, Narayanpatna
3. Laxmipur Block (3 GPs): Champi, Kiskapadi, Odiyapentha
4. Dasmantpur Block (4 GPs): Girliguma, Chanabada, Pindapadar, A. Malkangiri
5. Koraput Block (2 GPs): Badasuku, Lamkaput
6. Pottangi Block (4 GPs): Talagoluru, Ampabhali, Peturu, Sombai
7. Nandapur Block (7 GPs): Hatibari, Goluru, Nandagaon, MaliBelgam, Chattua, Paraja Badapada, Atanda
8. Semiliguda (3 GPs): Sadam, Uppar Kanti, Thoria
9. Lamtaput (6 GPs): Kumbhar Gandhana, Banamaliput, TentulipacJa, Umbel, Lugum, Peta Onkadeli

---

* Laid on the Table.

10. Baipariguda (4 GPs): Majhiguda, Chipakur, Dandabadi, Tcntuligumm=
11. Kundura (1 GP): Phullabhata
12. Jeypore (4 GPs): Badapadar, Badajiuna, Putra, Anta
13. Borigumma (4 GPs): Bhairab Singhpur, Kumuli, Katharagada, Jujhari
14. Kotpad (1 GP): Bobeya

The following GPs (69) in Rayagada District have no network coverage:

1. Kolnara (6): Bhoimuda, Kailashpur, Katikona, Mukundpur, Jhoridi, Badakhilapadar
2. Rayagada (8): Durgapadu, Baising, Pipalguda, Irkubadi, Nakiti, Halua, Gajigam, Matikona
3. Chandrapur (4): Bijapur, Budubali, Sarikima, Piskapanga
4. Muniguda (2): Raghubari, Dimiriguda
5. Kalyansinghpur (6): Singari, Serigumma, Dhamunipanga, Paloma, Parsali, Kandhakatipadu
6. Bissamcuttack (9): Rasikola, Bethiapada, Sahada, Daliakuji, Konabai, Kumbharadhamuni, Kurli, Hajaridang, Dukum
7. Gunupur (10): Bhimpur, Tolona, Titimiri, Morama, Sagada, Chinasari, Abada, Kulusing, Jaltar, Gothalpadar
8. Kashipur (15): Adajore, Maikanch, Bankamba, Manusgaon, Chandragiri, Naktiguda, Dudukabahal, Pudapadi, Hadiguda, Rengacolony, Khurigam, Sinduraghati, Kodipari, Siripai, Talajhiri

9. Ramnaguda (2): Gugupadu, Sundhidhamuni

10. Gudari (4): Karlaghati, Khariguda,Dhepaguda, Kodama

11. Padmapur (3): Guluguda, Jatili, Likitipadar

Sir, I would also request the Ministry of Communications to have a comprehensive Telecom Development Plan for mobile connectivity in Rayagada and Koraput districts and advise BSNL to set up mobile towers at the earliest. Till now we have only 2G connectivity in these two districts. I would also request the Minister to provide 4G connectivity in the rural GPs in Koraput and Rayagada districts.

श्री मनीष तिवारी (आनंदपुर साहिब): माननीय अध्यक्ष जी, इस मुल्क की आवाम ने भगत सिंह जी, राजगुरु जी और सुखदेव जी को शहीद-ए-आज़म का दर्जा दिया है। इन तीनों आजादी के परवानों ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था।

मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि स्वतंत्रता संग्राम में इनकी भूमिका को मुख्य रखते हुए तीनों क्रांतिकारियों, आजादी के परवानों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। दूसरा, इनको औपचारिक तरीके से शहीद-ए-आज़म का दर्जा दिया जाना चाहिए। तीसरा, चण्डीगढ़ का अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मोहाली में स्थित है, इसका नाम शहीद भगत सिंह जी के नाम पर रखा जाना चाहिए। यह मेरी सरकार से मांग है।

माननीय अध्यक्ष: श्री सप्तगिरी उलाको को श्री मनीष तिवारी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, बैठे-बैठे मत बोलिए। मैंने आपको इजाजत नहीं दी है।

श्रीमती कविता जी।

...(व्यवधान)

*__SHRIMATI KAVITHA MALOTHU (MAHABUBABAD):__ Thank you Speaker Sir, for giving me this opportunity. Once in every two years, tribal festival of Adivasis is celebrated in Medaram of Mulugu district in my constituency Mahabubabad. Samakka and Sarakka fought against Pratapa rudrudu who came to collect taxes and attacked that region with his soldiers. Samakka, Sarakka went towards chilakala gutta and disappeared. When villagers searched for them, they found a small casket of Kumkum. In Medaram, these small caskets of Kumkum are offered prayers in the name of Samakka and Sarakka. Sir more than 1 crore devotees participate in these celebrations, which is unheard of in any part of the world. Our Hon. Chief Minister Shri K Chandra Shekhar Rao, recently sanctioned Rs.75 crore for this festival to provide amenities like transportation and sanitation to the devotees.

I request Union Government to declare Samakka Sarakka festival as National Festival and provide support in celebrating this festival. State Government has set up a museum at Medaram and I request Union Government

* English translation of the speech originally delivered in Telugu.

to upgrade that museum. I also request Central Government to sanction Rs. 500 crore to Rs. 1000 crore every year for this festival. Samakka Sarakka festival is attended by tribals from other states like Maharashtra, Chattisgarh and Kerala. Therefore, I request that this festival may be declared as National festival.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): अध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम हैदराबाद में जो घटना घटी है, उसके लिए मैं अपनी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) की तरफ से घोर निंदा करता हूं।

मैं अति लोक महत्व के विषय पर आपके माध्यम से सदन का आकृष्ट करना चाहता हूं। 'आयुष्मान भारत' जो केंद्र सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है, इसमें लाभार्थियों का नाम आर्थिक सूचकांक के आधार पर लिया जाता है। इसमें बीपीएल परिवार को पाँच लाख रुपये का चिकित्सा लाभ दिया जाता है। लेकिन, इसमें कुछ विसंगति रह गई है। यदि बीपीएल परिवार के मुखिया से अलग कोई परिवार बसा हुआ है तो वह नया परिवार, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इससे वंचित रहता है। ये परिवार इस लाभ से वंचित न हो, इसलिए इनको भी इस लाभ से जोड़ा जाए।

दूसरा, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह योजना उन राज्यों में सफल है, जहां सरकारी अस्पताल या ट्रस्ट के माध्यम से अस्पताल चलते हैं। लेकिन, निजी अस्पतालों में इसका सही ढंग से पैनल नहीं बनता है और न ही सही ढंग से लोगों को शामिल किया जाता है। ये अस्पताल इलाज करने से भी इग्नोर करते हैं। अत: सरकार कुछ ऐसे नियम बनाएं ताकि निजी अस्पताल भी लोगों को इसका लाभ दें। यह एक महत्वपूर्ण योजना है, इसीलिए मैं आपके माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को अच्छी तरह से चलाया जाए, ताकि लोगों को इसका लाभ मिले।

श्री तापिर गाव (अरुणाचल पूर्व): माननीय अध्यक्ष महोदय, इस सदन में जितने लोग उपस्थित हैं, उनके और आपके माध्यम से मैं एक मुद्दा उठाना चाहूंगा। वर्ष 2000 में सेन्ट्रल रोड फंड (सीआरएफ) बना और वर्ष 2014 में सीआरएफ एक्ट पास हुआ। इस एक्ट की वजह से हम सभी मेम्बर्स ऑफ पार्लियामेंट सेंट्रल रोड फंड का अपने-अपने सेक्टरों में यूटिलाइजेशन किया करते थे। वर्ष 2018 में सीआरएफ एक्ट को सेंट्रल रोड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड एक्ट बनाने के बाद neither the hon. Finance Minister nor the hon. Minister of Road Transport and Highways could take any decision. इसलिए आज पूरे देश भर में 56000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स पेंडिग हैं। वर्ष 2018 से सीआरएफ के जितने अधूरे काम हुए हैं, उसके लिए वह फंड अधूरा है, पेंडिंग है। इसलिए मैं आपके माध्यम से गर्वमेंट ऑफ इंडिया से मांग करता हूं कि वर्ष 2014 सीआरएफ एक्ट को ही लागू किया जाए । I would like to request for a quick decision in this matter, either by the hon. Finance Minister or by the hon. Minister of Road Transport and Highways.

दूसरा, एसएआरडीपी एनई-1, जो पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक स्पेशल फंड था, जिसकी सारी स्कीमें कम्पलीट हो गई हैं। अभी एसएआरडीपी एनई फेज-2 के लिए कैबिनेट की मंजूरी का इंतजार है। एक साल से यह काम ठप्प पड़ा हुआ है। रोड कनेक्टिविटी स्कीम, जिसको आगे ले जाना है, अभी तक इसके बारे में डिसीजन नहीं हुआ है। इसलिए मैं सेन्ट्रल गवर्नमेंट से मांग करता हूं कि सीआरएफ, 2014 और एसएआरडीपी, एनई फेज 2 को जल्द से जल्द पास किया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री राहुल कस्वां, श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया और श्री सुधीर गुप्ता को श्री तापिर गाव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

DR. KALANIDHI VEERASWAMY (CHENNAI NORTH): Hon. Speaker, Sir, thank you very much for giving me the opportunity to speak.

‘Train 18’, popularly known as ‘Vande Bharat Express’, is completely designed, developed and manufactured at ICF, Chennai, which lies in my constituency. Two trains, operating from Varanasi and Katra to Delhi, are high-speed trains which are travelling in eight hours’ time.

This is the first major made-in-India achievement by ICF. This Government, which claims the promotion of Make-in-India, has decided to import 60 trains at a cost of Rs. 15,000 crore, at a time when we have the capacity to manufacture it in-house at ICF at Rs. 6000 crore. It is causing a loss of Rs. 9000 crore to the country and we are also losing foreign exchange.

To add insult to the injury, false claims of irregularities have been levelled against the Mechanical Engineers involved in the design and manufacture of these trains and action has also been taken against these people, who have helped in developing these trains.

13.00 hrs

They have been able to achieve this within a cost of Rs.100 crore but now Rs.250 crore are being spent for these trains. I would request the Government to drop its import and finish this inquiry on these engineers. I urge upon the Government to make sure that these are manufactured in ICF, Chennai itself and not procured through some import.

श्री हेमन्त पाटिल (हिंगोली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभार मानता हूं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं।

महोदय, वर्तमान में एफएम स्टेशन का महत्व बढ़ रहा है, क्योंकि इसका प्रयोग मनोरंजन के अतिरिक्त विभिन्न विषयों जैसे कृषि, समाचार और शिक्षा में भी होता है। मेरा संसदीय क्षेत्र हिंगोली एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है और दिसम्बर, 2018 के एक पत्र के अनुसार प्रसार भारती बोर्ड ने 12वीं प्लान स्कीम के अंतर्गत 100 जगहों पर 100 वाट के एफएम ट्रांसमीटर्स की स्थापना की स्वीकृति दी थी, जिसमें हिंगोली जिला शामिल था। हालांकि अभी तक इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि तत्काल इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाए, क्योंकि मेरे लोक सभा क्षेत्र का क्षेत्रफल 460 किलोमीटर फैला हुआ है, जिसमें 11 तालुका क्षेत्र आते हैं। इसलिए 100 वाट के ट्रांसमीटर से बहुत सीमित लोग ही एफएम सेवा का लाभ उठा सकेंगे। मेरी मांग है कि हिंगोली में दस किलोवाट के एफएम स्टेशन एवं स्टूडियो का जल्द से जल्द निर्माण किया जाए, जिससे मेरे क्षेत्र के लोगों को एफएम की सुविधा प्राप्त हो। धन्यवाद।

श्री राहुल कस्वां (चुरू): अध्यक्ष जी, मैंने अपना विषय बदलने के लिए आपसे निवेदन किया है।

माननीय अध्यक्ष : हां, बदल दें। मैंने इजाजत दे दी है।

श्री राहुल कस्वां: अध्यक्ष जी, मैं राजस्थान में बिगड़ती हुई कानून-व्यवस्था के बारे में कुछ बोलना चाहता हूं। सर, देश भर में प्रतिदिन बलात्कार जैसे अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है। आज आम जन इन घटनाओं से पुलिस एवं प्रशासन पर अपना विश्वास खो बैठे हैं।...(व्यवधान) हैदराबाद की जो दुर्घटना घटी है, सबने निन्दा की और पूरे देश में उसके प्रति रोष भी है। ...(व्यवधान) राजस्थान में टोंक जिले में छ: साल की बच्ची के साथ रेप हुआ और रेपिस्ट ने बेल्ट से बच्ची का गला दबाकर हत्या कर दी। ...(व्यवधान) दो दिन पहले ही मेरे लोक सभा क्षेत्र चुरू में बानीपुरा थाने के अंदर ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप उधर मत देखो, आप बोलते रहो।

श्री राहुल कस्वां : अध्यक्ष जी, बानीपुरा थाने के अंदर चार साल की बच्ची का रेप हुआ। उस बच्ची की हत्या कर दी गई। 24 नवम्बर को सिधमुख के अंदर तीन जवान लड़कों की मृत्यु रोड एक्सीडेंट में हो जाती है, उनके परिजन पुलिस थाने के अंदर गुहार लगाते रहे, लेकिन उस गाड़ी को पकड़ने का काम पुलिस ने नहीं किया। एसपी के आगे पेश होने के पश्चात् एफआईआर दर्ज हो सकी। राजस्थान में पिछले एक साल के अंदर कानून की व्यवस्था बिगड़ी है। मेरा चुरू जिला बॉर्डर का इलाका है, वहां हमेशा शराब एवं अन्य चीजों की तस्करी होती रहती है। पुलिस की मिलीभगत से ये सब काम होते हैं। लोगों में प्रशासन पर से विश्वास पूरी तरह उठ चुका है। ब्लाइंड मर्डर्स इतने हो गए हैं कि लोग हरियाणा से चलकर या बॉर्डर इलाके से चलकर आते हैं और मर्डर करके भाग जाते हैं। ...(व्यवधान) सर, एक मिनट मेरी बात सुनें। कल ही जोधपुर के अंदर पुलिस ने एंटी करप्शन के चार पुलिस कर्मियों को 25 लाख रुपये की अफीम के मैटर को सुलझाने का मैटर पकड़ा है। ...(व्यवधान) सर, आज के पेपर में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: श्री दुष्यंत सिंह एवं श्री सुधीर गुप्ता को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI ABDUL KHALEQUE (BARPETA): Hon. Speaker, Sir, I thank you for giving me the opportunity to raise an issue regarding revival of Assam Paper Mill in Jogighopa in Bongaigaon District under my Lok Sabha constituency of Barpeta in Assam. Before moving to the topic, I condemn the Hyderabad incident and demand a strict law including death penalty for rape convict.

Sir, the revival of Assam Paper Mill utilising the abundantly available bamboo in Assam is a 35 year old Project following Assam Accord in 1985.

There are only two major industrial establishments in my constituency run by the Central Government. Assam Paper Mill is one of them and the other being Bongaigaon Refinery and Petrochemical Limited (BRPL) which is known as IOC Bongaigaon Refinery.

I am aware that the State Government and the Centre have launched many plans to revive this Paper Mill but they have not been able to achieve the desired results. I am aware that the Central Government released an amount of Rs. 44.45 crore to the Ashok Paper Mill, Assam on 10.02.2016 as One Time Settlement and clearing other loan liabilities in pursuance of hon. Guwahati High Court Order dated 27.11.2014.

As Jogighopa is strategically located and the land of APM has not been used since last almost 40 years, State Government of Assam also proposed to develop a Multi Modal Logistic Park/Hub (MMLP) at APM in 2018 and gave approval for providing 200 acres of land out of APM's total 2200 *bigha* land for the project. However, in view of the Assam Accord, the Paper Mill's land area of approximately 60 *bigha* land is not included in the 200 acres of land proposed for MMLP. …(*Interruptions*)

So, I would like to request the Central Government to give a timeframe by which the alternate development will be completed.

*SHRIMATI PRAMILA BISOYI (ASKA): Hon. Speaker Sir, through you, I would like to know from the Hon. Minister what steps the Central Government is taking to provide financial assistance to the cooks & their assistants deployed for cooking mid-day meals in different schools & Anganwadis.

---

* English translation of the speech originally delivered in Odia.

13.05 hrs

SUBMISSION BY MEMBERS---Contd.

Re: Recent incidents of gang rape and brutal killings of girls

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम) : अध्यक्ष जी, तेलंगाना में चार दिन पहले जो घटना घटित हुई है, उसके लिए हमें बहुत खेद है और यह बहुत दुख की बात है। आज हाउस में भी बहुत सदस्यों ने इस विषय को उठाया है। हाउस में सारे देश से चुनकर सांसद आते हैं। हम सभी को दलगत राजनीति से हटकर यह देखना चाहिए कि देश क्या चाहता है। In the State of Telangana, we have given the highest priority for crimes against women. इसके लिए हमने 'शी टीम्स' बनाई हैं, 'भरोसा' सैंटर्स बनाए हैं और पांच लाख सीसीटीवी कैमरा लगाए हैं। सोशल मीडिया में भी हमने मैक्सिमम कोशिश की है। डायल 100 में भी काफी कोशिश की है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इतना कुछ करने के बाद भी यह जो घटना हुई है, यह बहुत दुख की बात है। हमने छः घंटे के अंदर 10 पुलिस टीम बनाकर अपराधियों को पकड़ा है और 24 घंटे के अंदर कोर्ट में पेश किया है। सदन में दो-तीन पुलिसकर्मियों के बारे में कहा गया, हमने उन्हें सस्पेंड किया है।

अध्यक्ष जी, माननीय राजनाथ जी ने कहा कि सरकार हर चीज के लिए तैयार है। हम सरकार का बहुत धन्यवाद करना चाहते हैं। जब हम 15वीं लोक सभा में थे, उस समय हमारे चीफ मिनिस्टर भी सदन के सदस्य थे। जब निर्भया केस में एक्ट लाया गया, तो हम सबसे पहले थे, जिन्होंने एक्ट पास करने में साथ दिया। उसी तरह से आईपीसी के कोड को चेंज करने का समय आ गया है। अभी सीआरपीसी एक्ट को भी चेंज करने का समय आ गया है और यह देश का इश्यू बन गया है। आपने इस विषय में बात करने का मौका दिया तो राजस्थान के बारे में बात हुई, तमिलनाडु के बारे में बात हुई, यूपी के बारे में बात हुई, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि यह देश की समस्या है। इस एक्ट को जल्द से जल्द चेंज करने की जरूरत है। फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाकर 30 दिनों में अपराधियों को सजा दी

जानी चाहिए। आप नया एक्ट लेकर आइए, तो हम लोग उस एक्ट को पास कराने में सबसे पहले आगे रहेंगे।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी) : अध्यक्ष जी, तेलंगाना में चार दिन पहले एक 26 साल की वेटरिनरी डाक्टर के साथ यह घटना हुई। वह इनोसेंट थी, ड्यूटी माइंडिड थी और स्टडी माइंडिड थी। वह पशुओं की सेवा करती थी, किसानों की सेवा करती थी। मैं उस परिवार को पहले से जानता हूं। मुझे जैसे ही मालूम पड़ा, मैं हैदराबाद जाकर उनके परिवार से मिला। जैसे ही यह घटना हुई, मैंने लगातार सभी पुलिस अधिकारियों से संपर्क रखा। उसके बाद सैंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से डीजीपी से लगातार बात कर रहा हूं, पुलिस कमिश्नर से बात कर रहा हूं। यह विषय बहुत ही गंभीर है। आज संसद में सभी पार्टियों के सदस्यों ने, पार्टी से ऊपर उठकर, प्रांतीयता से ऊपर उठकर, भाषायी विविधता से ऊपर उठकर इस इंसीडेंट को कंडेम किया है। श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आने के बाद भारत सरकार ने माइनर लड़कियों के ऊपर होने वाले अत्याचार के लिए इसी संसद में पॉक्सो एक्ट बनाया, जिसके तहत कंपल्सरी रूप से फांसी सुनानी चाहिए। ऐसा एक एक्ट भी इसी संसद में आपके नेतृत्व में बना है। आईपीसी और सीआरपीसी में अमेंडमेंट होना चाहिए, इसकी चर्चा हो रही है, इसके लिए हमारी सरकार तैयार है।

सेन्ट्रल गवर्नमेंट के तहत बी.पी.आर.एंड डी. (ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट) एक डिपार्टमेंट है। आईपीसी और सीआरपीसी में अमेंडमेंट करने के लिए उसको जिम्मेदारी दी गई है। सभी राज्य सरकारों को इसके लिए चिट्ठी लिखी गई है। इस पर भारत सरकार की तरफ से लीगल डिपार्टमेंट और पुलिस डिपार्टमेंट से सुझाव माँगे गये हैं। हमारी सरकार तैयार है। इसका ड्राफ्ट भी रेडी है। बी.पी.आर. एंड डी. को जिम्मेदारी दी गई है।

संसद के समक्ष इसे लाने के लिए होम मिनिस्टर आदरणीय श्री अमित शाह जी चर्चा कर रहे हैं, प्लानिंग कर रहे हैं। मैं चाहता हूँ कि ऐसे इंसीडेंट्स पर पुलिस को ऐक्टिवली काम करना चाहिए।

मैं पीड़िता के परिवार से मिला हूँ। अभी उसके बारे में कुछ कहने का समय नहीं है। इस इंसीडेंट पर विदेशों में भी डेमोंस्ट्रेशन हो रहे हैं। निर्भया के इंसीडेंट में कम से कम उसके परिवार को उसकी बॉडी तो मिली थी। मगर इस इंसीडेंट में न उसकी बॉडी मिली, न बात हो सकी। यह एक भयंकर घटना है। ऐसा देश भर में हो रहा है। इसके लिए भारत सरकार कानून में अमेंडमेंट करने के लिए तैयार है। सभी पार्टियों से मिलकर इस समस्या को हल करना चाहिए। इसमें सभी एनजीओज को भी इनवॉल्व करना चाहिए।

मैं एक और बात कहकर अपनी बात समाप्त करूँगा। एक एमरजेंसी रेस्पांस सपोर्ट सिस्टम लागू किया गया है। देश भर में 112 एक इंटीग्रेटेड नम्बर शुरू किया गया है। यह सभी प्रांतों में शुरू हो गया है। तेलंगाना में यह अभी-अभी शुरू हुआ है। दिल्ली में भी मैंने कुछ नम्बर शुरू किये हैं, उनमें 100, 101,102 और 108 हैं। अगर इन सभी नम्बरों पर कॉल किया जाए, तो वह उसके परिवार, लोकल पुलिस स्टेशन, लोकल एसीपी, डीसीपी आदि 10 अधिकारियों के पास एक बार में ही कॉल जाती है। उसके साथ-साथ यह नम्बर सैटेलाइट के द्वारा भी ट्रैक किया जाता है। लड़की कितनी दूरी पर है, किधर है, जो हेल्प चाहती है, उसके बारे में सभी लोगों को मालूम पड़ता है। इसके संबंध में कल मेरा एक प्रश्न भी है, जिस पर मैं डिटेल में बताऊँगा।

भारत सरकार महिलाओं और लड़कियों की रक्षा के विषय पर, इनवेस्टिगेशन के विषय पर, प्रॉसिक्युशन के विषय पर कमिटेड है। जिस तरह से टेररिज्म पर भारत सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति है, करप्शन के ऊपर जीरो टॉलरेंस है, उसी तरह से महिलाओं के प्रति अत्याचार पर भारत सरकार आने वाले दिनों में जीरो टॉलरेंस पर काम करेगी।

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके सामने एक गंभीर विषय रखना चाहता हूँ।

हमारे देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी तथा गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी ने हिन्दुस्तान ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया है। हिन्दुस्तान के व्यक्ति तो उन पर गर्व करते ही हैं, पूरी दुनिया में जहाँ भी हमारे देश के नागरिक रहते हैं, वे बड़े गर्व और सम्मान के साथ उनको स्मरण करते हैं, उनको याद करते हैं, उनके प्रति आदर का भाव रखते हैं।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि विगत दिनों दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से कांग्रेस संसदीय दल के नेता श्री अधीर रंजन चौधरी जी ने कहा कि ... * घुसपैठिए हैं। ये गुजरात को छोड़कर दिल्ली में ... * करके आए हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ, अधीर रंजन जी यहाँ बैठे हैं, ये एनआरसी का विरोध करते हैं। जहाँगीरपुर, मुर्शीदाबाद, माल्दह, रायगंज, बहरामपुर में आप स्वयं ... * चला रहे हैं। वहाँ पर घुसपैठियों को अंदर लाने का काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ, हमारे गौरवशाली प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को, जिन्होंने इस देश का मान बढ़ाया है, उनको ... * कहकर ये उनका निरादर कर रहे हैं। मोदी जी केवल भारतीय जनता पार्टी के नेता नहीं है, मोदी जी हिन्दुस्तान के गौरव हैं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ, अधीर रंजन जी सदन में बैठे हुए हैं, सम्मानित सदस्य हैं, वरिष्ठ सदस्य हैं, इनको सदन के समक्ष क्षमा याचना करनी चाहिए। चूंकि यह पश्चिम बंगाल से आते हैं और पश्चिम बंगाल से घुसपैठियों को बाहर करने का काम हमारी सरकार कर रही है, ये घुसपैठियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रहे हैं। आपके माध्यम से मैं सदन के सामने कहना चाहता हूं कि इस पर विराम लगे और श्री अधीर रंजन चौधरी जी खेद व्यक्त करें। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

---

* Not recorded

…(व्यवधान)

श्री अर्जुन राम मेघवाल: आपको माफी मांगनी पड़ेगी। अधीर रंजन जी, यह गलत बात है। प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी के लिए यह कहना आपको शोभा नहीं देता। जिन्होंने देश का मान-सम्मान बढ़ाया है, उनको आप … * कहते हैं। यह हम कतई सहन नहीं करेंगे।

श्री प्रहलाद जोशी: सर, कांग्रेस पार्टी के नेता श्री अधीर रंजन चौधरी जी ने एक स्टेटमेंट दिया है कि … * मैं जितने भी शब्दों से इनकी भर्त्सना करूं, कम है। …(व्यवधान) The Congress party, after losing the confidence of the people, they are calling a senior leader who has the solid mandate of the people, an infiltrator. …(*Interruptions*). This shows they are still not able to realize the mandate of the people. His statement is an outright insult to the people of our country who have elected Modi Ji with a renewed and resounding mandate. This is also a manifestation of the Congress style federalism. …(*Interruptions*) I strongly condemn his statement. He comes from West Bengal and he is the Leader of the Congress Party here, can you call him an infiltrator? What is he talking? He should talk responsibly. …(*Interruptions*). We are forced to draw the inference that the Congress Party led by infiltrator will obviously pursue the others in the same way. …(*Interruptions*) उनकी पार्टी के नेता ही … * हैं। वह हमारी पार्टी के बारे में क्या बोलते हैं। …(व्यवधान) He is the infiltrator. He is from West Bengal. …(*Interruptions*). What is he talking? …(*Interruptions*) वह क्या बात कर रहे हैं? प्रधान मंत्री जी, जिनको इतना मैन्डेट मिला है, …(व्यवधान) after 35 years. आज विश्व में कोई लोकप्रिय नेता है, तो वह माननीय नरेन्द्र मोदी जी हैं। …(व्यवधान)

---

* Not recorded

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): मैंने किस हालात में, किस संदर्भ में, किस लिहाज से यह बात कही, उसे पहले समझना पड़ेगा। आप बिना कुछ सोचे-समझे टिप्पणी करने लगे। मुझे बोलने तो दीजिए। आप लोगों को कम से कम मेरी बात सुनने का प्रयास करना चाहिए। …(व्यवधान) वह हमारे भी प्रधान मंत्री हैं।

श्री प्रहलाद जोशी: सर, प्रधान मंत्री जी को ऐसा मैन्डेट मिला है और गृह मंत्री जी ने मोदी जी के मार्गदर्शन में धारा-370 हटाकर इतिहास बनाया है। ऐसे प्रधान मंत्री और ऐसे गृह मंत्री जी के लिए आपने जो स्टेटमेंट दिया है, You should withdraw that statement and you should make an unconditional apology. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: श्री अधीर रंजन जी स्पष्टीकरण दे रहे हैं। ये कह रहे हैं कि इन्होंने ऐसा नहीं कहा है।

श्री अधीर रंजन चौधरी: मैं खुलेआम स्वीकार करता हूं कि मैं और मेरे माता-पिता, सभी बांग्लादेश में थे। जब बांग्लादेश से हम यहां आए तो हमारे पास कागजात नहीं थे। आजादी के समय से हम यहां रह रहे थे, यह हमारा देश है, इसलिए कागजात रखने की कोई आवश्यकता हम नहीं समझते थे। …(व्यवधान) अगर अभी कोई कह दे कि 'आप घुसपैठिए हैं' तो मैं घुसपैठिया बन जाऊंगा? हमारे देश में …(व्यवधान) बोलने तो दीजिए। मेरी बात सुनने के उपरांत अगर आप संतुष्ट न हों, तो मैं क्षमा मांग लूंगा। …(व्यवधान) आप मेरी बात कम से कम सुना तो करें। अगर आपको मेरी बात पसंद न हो, तो आप जो मर्जी वह कह दीजिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही 2 बजकर 15 मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

<u>13.19 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Fifteen Minutes past Fourteen of the Clock.

14.19hrs

The Lok Sabha reassembled at Ninteen Minutes past Fourteen of the Clock.

(Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377*

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को 20 मिनट के भीतर व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेज दें, शेष को व्यपगत माना जाएगा।

…(व्यवधान)

* Treated as laid on the Table.

(i) Regarding making operational land customs station in Nampong in Arunachal Pradesh

SHRI TAPIR GAO (ARUNACHAL EAST): Pangsau Pass near Nampong Town in Changlang District in eastern Arunachal Pradesh is a historic Pass. The Pass connects eastern Arunachal Pradesh and Upper Assam with Sagaing Region of Myanmar. Recognising the trading potential of the area, a Land Customs Station was opened in Nampong in Arunachal Pradesh on 04.06. 2010 with authorized route as Ledo - Tirap - Nampong- Pangsau Pass Road.

But regrettably, the Land Customs Station is non-functional as of now as there is no trade through this station. The last movement of goods through this route was in 1962. Therefore, the trade and commerce potential of the region has not been tapped so far. In order to boost the trade and commerce between Myanmar and northeastern region, it is very important to re-start trade and commerce activities in the region by activating the Land Customs Station at Nampong near Pangsau Pass. Hence, through this august house I would like to appeal to the Union Government to re-start the Land Customs Station as soon as possible and give thrust to border trade at Pangsau pass, in line with Act East Policy of the Union Government.

It is also felt that the Stilwell Road, if re-opened will not only connect North East India to Kunming in China but also help in connecting North East to Bangkok

and other Southeast Asian countries as there is a bifurcation from the Stilwell road which leads to Mandalay and then on to Bangkok.

The border area of Sagaing Region in Myanmar and Nampong area of Changlang District of Arunachal Pradesh on the Indian side are both under developed regions of the two countries and, therefore, development of trade and commerce will improve the local economy of these areas of both the countries.

As of now, two lane highway has been built on the Indian side of the border till Pangsau Pass and Government of India has declared it as National Highway no. 315.The road on the Myanmar side needs improvement.

As a goodwill gesture and mutual cooperation effort, I appeal to the Union Government to consider improving the road on the Myanmar side till the nearest Land Customs Station at Tamai, located 66 kilometers away from Pangsau Pass as it has been done in Moreh Sector of Manipur.

(ii) Need to ensure participation of elected public representatives in the implementation of smart city project

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): देश के चुनिन्दा 100 शहरों में स्मार्ट सिटी परियोजना पर काम चल रहा है। इन शहरों का चुनाव प्रतिस्पर्धा आयोजित कर किया गया था। ग्वालियर भी इसमें शामिल है। सभी शहरों में इस योजना के क्रियान्वयन के लिए एस.पी.वी. का गठन किया गया है। इन सभी कम्पनियों के अध्यक्ष शासकीय अधिकारियों को बनाया गया है। संचालक मण्डल में भी राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकारियों को रखा गया है। इन कम्पनियों द्वारा निर्णय लेने की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर चुने हुए जनप्रतिनिधियों की नियुक्ति न होने से इस योजना के क्रियान्वयन में जनता की कोई भागीदारी नहीं है। ग्वालियर में भी लगभग 2300 करोड़ रूपये की इस योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित एस.पी.वी. का अध्यक्ष कलेक्टर ग्वालियर को बनाया गया है। महापौर की कोई भी भूमिका इसमें नहीं है। संचालक मण्डल के सदस्य के रूप में मात्र एक पार्षद को नामित करने का प्रावधान रखा गया है। निगम आयुक्त को उस कम्पनी में एक्जिक्यूटिव डायरेक्ट नियुक्त किया गया है। जो कलेक्टर ग्वालियर के अधीन काम करता है। इससे अनेकों गलतफहमियां भी उत्पन्न होती है। व जिम्मेदारी तय करने में भी दिक्कतें होती हैं। नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी, कलेक्टर के अधीनस्थ रहकर कार्य करें व निगम के मुखिया महापौर की इसमें कोई भी भूमिका न हो यह उचित प्रतीत नहीं होता। सभी स्थानों पर यही प्रक्रिया अपनाई जा रही है। सदन के माध्यम से सरकार तक मैं यह बात पहुंचाना चाहता हूं कि स्मार्ट सिटी परियोजना का क्रियान्वयन निर्वाचित जन-प्रतिनिधियों के नेतृत्व में हो जिससे जन-आकांक्षाओं के अनुरूप विकास हो और जनता सीधे इस योजना से अपना जुड़ाव अनुभव करें, इन योजनाओं को मात्र सरकारी योजनायें न मानकर अपनी योजनायें समझें। तभी इन योजनाओं का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक संभव हो सकेगा।

(iii) Need to set up Veterinary hospitals in Jhansi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री अनुराग शर्मा (झांसी): बुन्देलखण्ड क्षेत्र के झाँसी ललितपुर जनपद कृषि प्रधान जनपद हैं और अधिकाँश आबादी नेती-किसानी और पशुपालन पर आश्रित है. पानी की कमी इस क्षेत्र की एक पुरानी समस्या रही है और इस कारण सिर्फ नेते के माध्यम से किसान के लिए गुजर-बसर करना संभव नहीं हो पाता है, परिणामस्वरूप, किसान पशुपालन के माध्यम से कुछ आय अर्जित कर पाते हैं और पशुपालन उनके लिए जीवन का एक बड़ा सहारा है। जैसा कि ज्ञात है, करीब 165 मिलियन टन सालाना उत्पादन के साथ दूध के मामले में भारत आज भी दुनिया में नंबर वन पोजीशन पर है। भारत ने बीते एक दशक में इस क्षेत्र में काफी तरक्की भी की है।

मैं बताना चाहूंगा कि बुन्द्रलखण्ड के केवल झाँसी जनपद में पशुपालन विभाग के आँकड़ों के अनुसार गौ व महीष वंश मिलाकर लगभग 5.96 लाख पशु हैं। इसमें से लगभग 1.50 लाख पशु दूध देते हैं। लेकिन राष्ट्रीय औसत की तुलना में इस क्षेत्र के पशु काफी कम दूध का उत्पादन करते हैं। वैज्ञानिक आधार पर देखा जाए तो दूध का कम या ज्यादा उत्पादन पशुओं के नस्ल की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ मामला है और उत्तम नस्ल के पशुओं के द्वारा ज्यादा दूध के उत्पादन के कारण उनका कृषकों के अर्थव्यवस्था पर गहरा सकारात्मक असर पड़ता है, स्पष्ट है कि यदि इन पशुओं की नस्ल को सुधारने के लिए कुछ सार्थक प्रयास किए जाये तो इनके दूध देने की क्षमता में वृद्धि हो सके तो इसका लाभ हमारे बुन्देलखण्ड के किसान भाईयों को जरूर मिल सकेगा।

मेरा अनुरोध है कि सबंधित मंत्रालय को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं ताकि प्रत्येक खंड (ब्लाक) के स्तर पर कम से कम एक पशु चिकित्सा केन्द्र की स्थापना की जाए, दुधारू पशओं में कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया अपनाई जाए ताकि उन्नत नस्ल के पशुओं की उत्पत्ति संभव हो सके, मेरा

विश्वास है कि पशुओं के संबंध में लिखा गया यह कदम किसानों के हित में ठोस कदम सिद्ध होगा, उनकी आर्थिक स्थिति में निश्चय ही बेहतरी करने में सक्षम होगा।

(iv) Need to allocate funds for construction of Bihta - Aurangabad Railway line project

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत बिहटा-औरंगाबाद नई रेल परियोजना स्वीकृत है। परियोजना का कार्य 2011-12 में पूरा होना था। परियोजना के क्रियान्वयन में विलंब होने से प्राक्कलन राशि 326 करोड़ रुपए से बढ़कर 2800 करोड़ रुपए हो गयी। इस मामले को मैंने पहले ही कई बार सदन में उठाया लेकिन सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए राशि आवंटन में विलंब से परियोजना का कार्य लंबित है। मेरी सरकार से मांग है कि आगामी बजट में सरकार इस परियोजना के लिए अधिकतम राशि का आवंटन करें तथा औरंगाबाद, अम्बा, देव, डुमरिया, इमामगंज एवं चतरा होते हुए हजारीबाग तक इस रेल लाइन का विस्तार किया जाए जिससे बिहार और झारखण्ड राज्यों के आधा दर्जन उग्रवाद प्रभावित और आकांक्षी जिले बेहतर रेल संपर्क से जुड़ सकें और इस पिछड़े इलाके में बढ़ती आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए और विकास की गति को त्वरित करने हेतु सरकार परियोजना का कार्य शीघ्र पूरा करें।

(v) Need to install escalators and lift in Foot-over Bridge at Kishangarh Railway Station, Ajmer, Rajasthan

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर (राजस्थान) के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र किशनगढ़ (अजमेर) में नवीन आधुनिक रेलवे स्टेशन परिसर में मूलभूत एवं आवश्यक सुविधाओं की कमी के कारण यात्रियों एवं स्थानीय निवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन पर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए अनेक सामाजिक, राजनैतिक एवं दैनिक यात्री संघों के अलावा अनेक संगठनों द्वारा कई बार रेलवे प्रशासन एवं मुझे ज्ञापन देकर समुचित मीठा पानी, कैंटीन, लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियाँ लगाने एवं स्टेशन परिसर के अंदर व बाहर आवाजाही हेतु बने अंडरपासों में वर्षाऋतु के समय निरंतर भरे रहने से आवाजाही में हो रही विकट समस्या को मद्देनजर रखते हुए स्थायी समाधान करने की मांग कर चुके हैं। लगभग बीते दो वर्षों में किशनगढ़ का यह नवीन रेलवे स्टेशन नाम का ही आधुनिक स्टेशन बनकर रह गया है जिस कारण यात्रियों एवं स्थानीय वाशिंदों में दिन-प्रतिदिन गहरा रोष व्याप्त होता जा रहा है।

रेलवे स्टेशन परिसर में आवाजाही हेतु निर्मित पहाड़ के समान पैदल ओवरब्रिज पर अत्यधिक सीढ़ियाँ होने के कारण महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गो एवं बच्चों को सामान लेकर चढ़ने-उतरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यहाँ अंडरपास सबवे भी बना हुआ है लेकिन वर्षा ऋतु के समय तीन से चार माह में अधिकांश समय पानी से भरा हुआ रहता है जिससे यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आवाजाही करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट की नितांत महती आवश्यकता है।

हालांकि उक्त किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर गत बजट 2018-19 में दो नवीन एस्केलेटर एवं लिफ्ट का प्रावधान भी स्वीकृत किया गया था लेकिन रेलवे अधिकारियों ने उक्त रेलवे स्टेशन के पुराने

परिसर से नवीन परिसर में संचालन के पश्चात यात्री भार एवं आय में हुई कमी को आधार मानकर उक्त एस्केलेटर एवं लिफ्ट की स्वीकृत बजट राशि को मण्डल के ही अन्य रेलवे स्टेशनों पर हस्तांतरित कर दी गयी।

अतः मैं केन्द्रीय रेल मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूँगा कि आप रेलवे अधिकारियों को निर्देशित कर उक्त किशनगढ़ रेलवे स्टेशन के पैदल ओवरब्रिज की सीढ़ियों पर आवाजाही कराकर उनसे वर्तमान में यात्रियों एवं स्थानीय वाशिंदों को हो रही कठिनाइयों का त्वरित निराकरण हेत अविलंब दोनों प्लेटफार्मों पर स्वचालित सीढ़ियाँ एवं लिफ्ट लगाने हेतु सक्षम स्वीकृति जारी करावे साथ ही स्टेशन परिसर के अंदर एवं बाहर आवाजाही हेतु निर्मित अंडरपासों में वर्षा के पानी के निकास की स्थायी व्यवस्था को मूर्तरूप दिलावे। आपकी बड़ी महती कृपा होगी।

(vi) Need to extend the benefit of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi scheme to all the eligible farmers in Chhattisgarh

श्री चुन्नी लाल साहू (महासमुन्द): प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सरकार लक्ष्य 14 करोड़ सीमांत किसानों को लाभ पहुंचाना है लेकिन अब तक केवल 7 करोड़ किसानों को ही इस योजना में शामिल किया गया है जिसमें सरकार द्वारा उचित कार्यवाही के लिए राज्य के स्थानीय पटवारी, राजस्व अधिकारी और नामित नोडल अधिकारियों को किसानों के नामांकन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिन किसानों को वन अधिकार पट्टा मिला है उन किसानों को अब तक केन्द्र सरकार द्वारा प्रदान की जा रही किसान सम्मान निधि प्रति किस्त 2,000, तीन किस्तों में 6,000 रूपये सालाना मिलने चाहिए जो उनका अधिकार है, आज तक नहीं दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारियों द्वारा ऐसी लापरवाही उन गरीब किसानों के लिए एक अभिशाप से कम नहीं है जिनका नाम आज सर्वे सूची में नहीं जोड़ा गया।

अतः सरकार से मेरी पुनः गुजारिश है कि उन लोगों का नाम सर्वे सूची में नहीं जुड़ा है जो इसके पात्र हैं। अतिशीघ्र इस ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए उन सीमांत कृषकों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जोड़ा जाए।

(vii) Need to bring back ancient statue of 'Vagdevi' from Britain

श्री छतरसिंह दरबार (धार): मेरे संसदीय क्षेत्र धार जो राजा भोज की नगरी है। यहां पर आदिकाल से भोजशाला है जिसमें वाग्देवी मां सरस्वती का मंदिर है जहां पर वाग्देवी माता की प्राचीन मूर्ति स्थापित की। ब्रिटिश सरकार ने साम्प्रदायिक तनाव का बहाना बना कर भोजशाला से वाग्देवी माता की मूर्ति हटाकर उस मूर्ति को इंग्लैंड के म्यूजियम में रखा है। यह विषय बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं से जुड़ा हुआ है तथा यह मसला कई दशकों से चल रहा है और विवाद का विषय बनता जा रहा है।

इस सम्बन्ध में सरकार विशेषकर माननीय प्रधानमंत्री महोदय एवं माननीय पर्यटन मंत्री महोदय से मेरा आग्रह है कि मां वाग्देवी की इस प्राचीन मूर्ति को इंग्लैण्ड से वापस लाकर पुनः भोजशाला में स्थापित कराया जाए।

(viii) Need to introduce a morning flight from Bhavnagar to Mumbai

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर से मुम्बई के लिए रात्रि के समय एक फलाईट है, लेकिन मुम्बई जाने वाले यात्रियों की संख्या प्रतिदिन सैंकड़ों में है। पहले जेट एयरवेज की फलाईट चलती थी जो वर्तमान में बंद है। मैं समझती हूं कि विभाग को नई फलाईट चलाने में किसी भी प्रकार की ट्रैफिक समस्या नहीं आएगी।

भावनगर मुम्बई से सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टि से जुड़ा है। भावनगर से मुम्बई की एकमात्र शाम की फलाईट है जो कभी भी समय पर नहीं पहुंचती। यदि किसी यात्री को मुम्बई जाना हो तो उसे एक रात पहले यात्रा करनी पड़ती है, क्योंकि वर्तमान फलाईट रात्रि के लगभग 12 बजे के आसपास मुम्बई में लैंडिंग करती है। मैं काफी दिनों से प्रातः कालीन फलाईट की मांग करती आ रही हूं। मेरा माननीय नागर विमानन मंत्री जी से अनुरोध है कि भावनगर से मुम्बई के लिए एक प्रातः कालीन फलाईट चलवाने का कष्ट करें।

(ix) Need to facilitate issuance of caste certificate to people belonging to 'passi' scheduled caste community in the country particularly in Uttar Pradesh

श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज): मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ सहित अन्य जिलों में पासी अनुसूचित जाति के लोगों को अधिकतर जगह जाति प्रमाण पत्र नहीं दिए जा रहे हैं जैसे कि उ0प्र0 में पासी जाति अनुसूचित जाति में शामिल है, जिसका अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र पश्चिमी क्षेत्र मुरादाबाद, मेरठ, रामपुर, शामली, बुलन्दशहर, अलीगढ़ सहारनपुर आदि जिलों में तथा देश के विभिन्न प्रदेशों जैसे मध्य प्रदेश महाराष्ट्र में नागपुर, मुम्बई, पश्चिम बंगाल में कलकत्ता, दिल्ली हरियाणा, राजस्थान जैसे प्रदेशों में भी कई कई वर्षों से रह रहे पासी जाति के लोगों को अनुसूचित जाति का जाति प्रमाण पत्र न जारी करके इनके हक अधिकार का शोषण किया जाता है जोकि एक तरह का दलित उत्पीड़न है। देश में पासी जाति का सदियों पुराना इतिहास है जो प्रमाणित भी है।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि उ0प्र0 के विभिन्न जनपदों में पासी जाति के लोगों को अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु उत्तर प्रदेश के सभी जिला प्रशासन को निर्देशित किया जाए और यदि जहाँ जहाँ जिला प्रशासन द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता है उसकी जानकारी होने पर केन्द्र सरकार की ओर से भी इनके खिलाफ दलित उत्पीड़न की कार्यवाही की जाए। साथ ही देश के विभिन्न जनपदों में पासी अनुसूचित जाति के लोगों को जाति प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु उचित कदम उठाए जायें।

(x) Regarding iron ore mining flouting environment norms in Kanker Parliamentary Constituency, Chhattisgarh

श्री मोहन मण्डावी (कांकेर) : मेरा संसदीय क्षेत्र कांकेर है जिसमें आठ लौह अयस्क के खदान है जिसकी पहचान पूरे भारतवर्ष में है। तहसील भानुप्रतापपुर के कच्चे माइंस का मेरे द्वारा अवलोकन किया गया, जिसमें इकरारनामा का खुला उल्लंघन कर सैंकड़ों एकड़ भूमि अतिक्रमण कर दोहन किया जा रहा है। निजी कंपनियों द्वारा उक्त क्षेत्र में नियम विरूद्ध खनन कार्य जारी है जिससे किसानों के खेतों में खदान का लाल पानी आने से, परिवहन के धूल उड़ने से फसल खराब हो रही है। साथ ही स्थानीय निवासियों का प्रदूषण के कारण स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है जो नियम के विरूद्ध है। खनन कम्पनी पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की उचित सहयोगात्मक कदम नहीं उठा रही है तथा सीएसआर फंड का सही उपयोग न होकर बंदाबांट हो रहा है। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है और क्षेत्रीय मजदूरों का शोषण भी किया जा रहा है। सरकार द्वारा उक्त खनन कार्य को रोकने की तात्कालिक कार्यवाही हो।

अतः स्थानीय जनता की मांगों को लेकर सरकार के संज्ञान में लाते हुए नियमतः उचित कार्यवाही की पुरजोर मांग करता हूं।

(xi) Need to find out a solution for annual floods in Bihar caused by rivers originating in Nepal

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): मैं सदन में एक अति महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूं, जो सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लोगों की चित-परिचित मांग है। मिथिला क्षेत्र के लोग प्रतिवर्ष पड़ोसी देश नेपाल से छोड़े जाने वाले पानी के कारण बाढ़ की भीषण त्रासदी का सामना करने पर मजबूर होते हैं। इस भीषण बाढ़ से प्रतिवर्ष सैंकड़ों लोगों की जानें जाती हैं, हजारों लोग बेघर होते हैं, ऊंचे स्थानों पर विस्थापित जीवन जीने को मजबूर होते हैं तथा लाखों एकड़ की फसल बर्बाद होती है। मवेशी बर्बाद होते हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं। पूर्व की सरकार द्वारा इस समस्या के लिए कुछ भी ठोस उपाय नहीं किया गया। सन 1953-54 में कोसी पर हाई डैम बनाने एवं कोसी परियोजनाओं की शुरूआत की गई। अरबों रूपया खर्च होने के बावजूद एवं 66 वर्ष बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री लोकप्रिय जनप्रिय विकास पुरूष आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के प्रति मिथिला क्षेत्र के करोड़ों लोगों की आशा एवं अपेक्षा है। बाढ़ की समस्या के स्थाई निदान की दिशा में भारत सरकार नेपाल सरकार से बात कर, बाजपेई जी का नदी जोड़ो योजना पर पहल कर, बाढ़ का स्थाई निदान कराया जाये ताकि मिथिला क्षेत्र का कल्याण हो सके।

नोट- आजादी से अब तक बाढ़ मद में की गई खर्चा की भी जाँच हो, संपूर्ण बिहार का और उसका एक प्रति मुझे भी उपलब्ध कराया जाए ।

(xii) Need to promote talented science students in the country

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत): हम सबसे युवा देश के रूप में आज दुनिया में स्थापित है। हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में विशेषकर इन्जीनियरिंग के डिप्लोमा एवं डिग्री सहित सभी प्रकार के उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में अंतिम वर्ष में कोई ना कोई विषय लेकर पेपर्स रखने होते हैं या मॉडल बनाने होते हैं। मैं यदि सूरत शहर की बात करूं तो हर साल हमारे इंजीनियरिंग के छात्रों के बनाये हुए मॉडल का प्रदर्शनी होती है जिसमें लोगों के सामने स्वयं संशोधन करते हुए विद्यार्थी नये नये अविष्कार प्रदर्शित करते हैं। पर उसके बाद उन संशोधनों का क्या होता है, देश के या जनता के हित में उनका उपयोग होता है या नहीं, कोई नहीं जानता है।

यदि एक अंदाजा लगाया जाए तो प्रत्येक इंजीनियर का छात्र चाहे वो डिप्लोमा करता हो या डिग्री का छात्र हो उसे मॉडल बनाना पड़ता है। प्रत्येक पीजी के छात्र को पेपर्स रखने पड़ते हैं। अगर उन्हें संकलित करने की योजना बनाई जाए तो देश का बहुत बड़ा भला हो सकता है।

हमारी शिक्षा प्रणाली में ऐसे प्रत्येक संशोधन को भी पेटेंट की तरह रजिस्टर किया जाना चाहिए और उसका एक राष्ट्रीय डेटाबेस बने जो कि पेटेंट नम्बर से युक्त हो। यदि किसी कंपनी को उसमें से कछ अच्छा लगे तो वो कंपनी उस विद्यार्थी से संपर्क करके उसे उचित मार्गदर्शन करे, फेलोशिप दे, आगे पढ़ने हेतु प्रोत्साहित कर सकती है। सामाजिक जीवन को असर करने वाले विषय, पेपर्स एवं संशोधनों पर सरकार फेलोशिप देकर छात्रों का प्रोत्साहित करे एवं उसके बदले में कुछ साल उसकी सेवाएं देश के लिए जनहित में उपयोग में लायी जाए तो उससे हम मेक इन इंडिया जैसे अभियान की गति को भी बढ़ा सकते हैं।

मैं ऐसा सुझाव माननीय सरकार को देना चाहूंगी कि इस विषय में सोचकर एक ऐसी व्यवस्था का निर्माण करें ताकि कोई भी विद्यार्थी ऐसा कोई भी संशोधन करें या पेपर तैयार करें वो उस कार्यक्रम

में स्टूडेंट अपना पेटेंट रजिस्टर करवा पाये। उसे सरकार के माध्यम से उचित संरक्षण मिले ताकि उसका कोई उपयोग न कर सके। उस विद्यार्थी का पढ़ने का या फैलोशिप का खर्च सरकार उठाये। छात्र प्रधानाचार्य से प्रमाणित होने के बाद वो पेपर या मॉडल की पेटेंट करवा सकें, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहए।

अगर इस विषय पर विचार किया जाए तो हर साल हमारे देश में लाखों मॉडल सामने आयेंगे। अगर उसमें से कुछ प्रतिशत भी देश के काम आये तो 'हम सबका साथ सबका विकास मंत्र को साकार करने के साथ 'मेक इन इंडिया को भी साकार कर सकते हैं और शायद कई विद्यार्थियों को आर्थिक क्षमता मजबूत न होने की वजह से पढ़ाई छोड़नी पड़ती है ऐसे छात्र भी आगे पढ़ाई कर सकते हैं। अगर स्कूली छात्र को अगले कुछ सालों की पढ़ाई का खर्च भी मिल सकता है वो उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

मेरी सरकार से एवं विशेष कर मानव संसाधन मंत्री महोदया से इस विषय पर विचार कर उपयुक्त नीति बनाकर उसे क्रियान्वित करने का आग्रह करती हूँ।

(xiii) Regarding Ayushman Bharat Yojana

SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM): The much touted Ayushman Bharat scheme failed to provide required healthcare infrastructure effectively. An annual report released by the government highlights the pitfalls that public health experts had been cautioning the government about its publicly funded and privately managed.

The number of hospitals empaneled under the scheme is also higher in the private sector than in the public sector. I want to ask the manner in which so called wellness centres to be opened under this scheme are different from primary health centres. Within the one year itself, fraud cases were detected at 341 hospitals.

One of the main beneficiaries of this scheme is the private health sector because the government funds are being used to subsidize the private health sector. And why insurance company should be allowed to come in between government hospitals and governments by paying 15% fee?

(xiv) Regarding coconut root-wilt disease affecting coconut farmers in Tamil Nadu

SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANYAKUMARI): I would like to draw the attention of the Government towards the coconut root-wilt disease which has sounded an alarm in the state and elsewhere. Kanyakumari, which literally means the land of coconuts, may well have to change its name by the year 2019, due to severe root-wilt disease afflicting coconut trees in the palm-fringed state today, there may well be no coconut trees left.

But what is more startling of all is the effect that the continuance of the disease will have on State's economy. The state accounts for sizeable coconut production in the country which ranks third in the world production of coconut. More than half of the total coconut produce is utilised at the local consumer level.

The remainder is processed into copra, coconut oil, copra cake, charcoal and coir for further use in a wide range of manufactured products for human consumption and industrial use, generating a significant amount of foreign exchange. The production of coconut to State's economy is of great significance.

Coconut accounts for more than a third of the agricultural income and a sixth of the total income of the state. Added to that, a large chunk of State's working population is engaged in processing industries in copra and oil, the coir industry and a large number of other coconut- based industries throughout the

state. No other crop has more significance to the economy of State than the coconut.

Small wonder then that the coconut root-wilt disease has sounded an alarm in the state and elsewhere. I urge upon the Union Government to take remedial measures on a war footing and direct the concerned officials and scientists to combat the disease, and compensation be given to the affected farmers immediately.

Helicopter fertilizer spraying is required to save large level root wilt disease.

(xv) Need to reconstruct K C Bridge in Alappuzha district of Kerala

SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA): K C Bridge in Kidangara - Kannadi Road in Alappuzha District, connecting Kuttanad to Alleppy built across sub canal of river Pamba, is in a dilapidated condition. The bridge was built considering short term traffic forecasts and it is unable to meet the increased vehicular traffic and turns out to be narrow & congested. Due to the deck slab being built short and narrow box culvert design, the bridge is narrow for transportation of large boats & houseboats. Aleppy — Changanasherri boat service is consequentially blocked & hinders Aleppy Changanasherri backwater tourism development. During the last two floods, evacuation efforts were difficult as boats couldn't sail across the narrow K.C. Bridge. The national waterways operate in Alappuzha Changanasseri and Kerala State PWD sought permission to reconstruct KC Bridge and permission has not yet been granted. I urge that permissions be granted immediately and KC Bridge rebuilt with increased width to facilitate easy transport and development of backwater tourism.

(xvii) Regarding setting up of Farmers facility centre in every village

adjustments that these companies have gone through, and some because of pure change in the taste. Again, it is a topic which I have repeated several times but I would want to say it again because an hon. Member has raised it. It was not a frivolous, off the cuff response, Adhir*ji* where I have said about Ola and Uber, it was reference to a study by RBI. If only my Press Conference of that day is shown again or you see it again, you will know that it was not my fancy opinion. An RBI study had said that consumption of vehicle and the way it is going to be purchased may be influenced by users of hired vehicles. It particularly refers to the use of Ola and Uber; therefore, I had referred to it even then saying that studies have referred to this. It was not Nirmala Sitharaman's personal opinion. Even two years before my commenting, an eminent car and vehicle manufacturer, himself an industry leader, also has said that. So, to constantly throw an allegation is not correct if only you would carefully look at the Press Conference that I have held where I have referred to it. Therefore, every time, I sit with the economists or the people who are in the ground, the industry leaders, and I do take their inputs. I may not probably refer to some of the economists who you would choose me to go and meet up with. I may not. But there are economists and economists and economists.

Sir, then there were just one or two more references. There was a question why I cannot expand this corporate tax cut to those existing companies which may want to expand. We do not want to complicate the system at the moment, so

we have not expanded it. On the International Financial Reporting Standards about which Nishikant Ji has spoken, I want to inform him first of all on the MSME and their struggle today in today's economic situation. We have ensured that the two outreach programmes will address the concerns of MSMEs. We have given them fresh term loans; we have given them fresh working capital. Invoking one of the RBI regulations, I have clearly instructed the Banks not to declare any of the MSMEs NPA till 31st March, 2020. They may be stressed, for which I have given additional working capital. We are also re-structuring the loans without naming them as NPA. First things first. So, we are not indifferent to the MSME cause. I can even give the amounts. MSME alone during the two outreaches received Rs. 37,210 crore as loans. I can give you separate details about term- loans and working capital and so on and not declaring them as NPA itself should give them a great relief. The International Financial Reporting Standards is implemented by majority of the countries in the world, except, of course, the US where their standards are even more cumbersome. India has implemented this only with limited carve-outs and care has been taken to reconcile it and incorporate it with the Indian accounting standards. The belief and the objective is that the financial statements of companies are more transparent and help the companies in raising capital and investments from abroad. Only 50,000 companies follow it. Let us be clear. Only top 50,000 companies follow it and majority of the companies which are inclusive of MSMEs still only go by the Indian accounting standards. But this

is not to say on the financial reporting standards that we may not review. We would certainly like to review it; we would certainly like to have the MSMEs talk to us about it and I am engaging with MSMEs on very many other things which may be useful for me to understand what more can be done to them. At this stage, I would not want to elaborate on it, but I am attending to it and your particular concern on International Financial Reporting Standards causing a lot of turbulence among MSMEs is very well taken. Along with banks under the Basel norms, I am constantly monitoring these two from the point of view of MSME. We have held a couple of meetings specifically on this point. So, that is a concern well-taken.

There was one last concern which I want to highlight. In fact, two.

PROF. SOUGATA RAY: You have given a very exhaustive reply.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: You do not want it like that. …(*Interruptions*). Just two other points for clarification sake. GST has not gone down. In fact, the November figure is that Rs. 1 lakh have been crossed and this is the third highest that we are collecting.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : This is because of festivals.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: I am agnostic about what caused it, but it has crossed Rs. 1 Lakh.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: It was reported that it was due to festivals.

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: They can report many things just as they have reported something wrongly about me this morning.

On BSNL issue, it is a strategic asset of India. It has gone through very troubled times. What did you do in the last five years? It is a very good question to ask and I must credit Shri Ravi Shankar Prasad because BSNL reached operative profit level in 2014-15 if the year that I remember is correct. It is because of the efforts that he and his Ministry put that even BSNL could reach an operating profit level. Of course, there are issues about it, and that is why we have now given them a major infusion of cash. Of course, a lot of senior employees have been given a golden handshake.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : The number is 80,000.

SHRI NIRMALA SITHARAMAN: Of course. I understand that. But they have not been left out. They have been given some kind of a pay package with which they have agreed. They have agreed to go; it is not forcefully sending them out. For BSNL, let me assure you, Mr. Speaker, Sir, and through you, the entire House …(*Interruptions*) महोदय, मंत्री होते हुए भी मुझे आपका प्रोटेक्शन चाहिए।…(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY: It is a simple question …(*Interruptions*)

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, can I go on? …(*Interruptions*)

Sir, so, BSNL for all the step-motherly treatment it had faced during the UPA *samay*, हमने उनकी स्ट्रैटिजिक इम्पार्टेंस को रेकग्नाइज़ करते हुए उनको जितना भी कैश इन्फ्यूज़न करने की जरूरत है, उतना करने के बाद आज बीएसएनएल कम्पीट करने की स्थिति पर हैं। मैं गर्व से कह रही हूं कि माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी की वजह से आज फिर से बीएसएनएल उठ रहा है और यह एक अच्छा-सा इंस्टीट्यूशन बनेगा।

Sir, lastly, Shri Nama Nageswara Rao-ji asked this question and I want to assure him …(*Interruptions*) Yes, it is a decision, which has resulted in revenue foregone. It was announced even on the 20th of September when we brought this corporate tax cut. Approximately, about Rs. 1,45,000 crore would be foregone. Yes, we are conscious of it; and we are conscious that if not today, within a matter of a year, you will have a lot more investment coming into this country. I can see the initial green shoots. People are approaching to talk about investments. That will help in bringing greater investment and creating jobs; and India will become a manufacturing hub. That is the benefit that both the Centre and the States will receive.

About GST, I have answered the question of Supriya-ji. If I have missed on anybody, they are welcome to ask me. Thank you …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, क्या आप संकल्प वापस लेंगे?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं उनसे संकल्प वापस लेने के लिए पूछ रहा हूं।

...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : महोदय, मैं आर्डिनेंस के खिलाफ हूं।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा प्रस्तुत सांविधिक संकल्प को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

प्रश्न यह है:

> "कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 20 सितम्बर, 2019 को प्रख्यापित कराधान विधि (संशोधन) अध्यादेश, 2019 (2019 का संख्यांक 15) का निरनुमोदन करती है।"

<u>प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।</u>

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

> "कि आयकर अधिनियम, 1961 का और संशोधन करने तथा वित्त (संख्यांक 2) अधिनियम, 2019 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

Clause 2 Amendment of Section 92 BA

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय, क्या आप संशोधन संख्या 1 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Sir, in view of the fact that it is quite late and that the Minister has replied, in detail, I shall not move my amendments.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 2 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 3 Amendment of Section 115 BA

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :

"कि खंड 3 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 3 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 4 Insertion of new sections 115 BAA and 115 BAB. Tax on income of certain domestic companies

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय - उपस्थित नहीं।

श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 11 से 20 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I am moving all the amendments from 11 to 20 to Clause 4 of the Bill because it should be confined to the manufacturing sector.

I beg to move:

'Page 2, line 18,--

after "being a"

insert "manufacturing". (11)

Page 2, line 20,--

for "twenty-two"

substitute "twenty-eight". (12)

Page 3, line 29,--

after "being a"

insert "manufacturing". (13)

Page 3, line 31,--

for "fifteen"

substitute "twenty-five". (14)

Page 3, line 36,--

for “twenty-two”

substitute “twenty-eight”. (15)

Page 3, line 44,--

for “twenty-two”

substitute “twenty-eight”. (16)

Page 4, line 3,--

after “registered”

insert “in India”. (17)

Page 4, line 16,--

Omit “not”. (18)

Page 4, lines 17 and 18,--

Omit “for any purpose, if the following conditions are fulfilled, namely:--”. (19)

Page 4, *omit* lines 19 to 41 (20)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 11 से 20 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

Clause 4

Amendment made:

'Page 2, *for* lines 27 and 28, *substitute*—

"*(2)* For the purposes of sub-section *(I),* the total income of the company shall be computed,--". (41)

(Shrimati Nirmala Sitharaman)

माननीय अध्यक्ष : श्री रितेश पाण्डेय, क्या आप संशोधन संख्या 48 और 49 को प्रस्तुत करना चाहते हैं?

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): माननीय अध्यक्ष जी, संशोधन संख्या 48 के लिए माननीय मंत्री जी ने अपना रिस्पोंस दे दिया है, इसलिए मैं मूव नहीं करूंगा। लेकिन संशोधन संख्या 49 मूव करना चाहता हूं। इसमें रेट्रोस्पेक्टिव टैक्स के बारे में आदरणीय निशिकांत जी ने अपनी बात रखी थी। यदि यह इसमें रहेगा, तो बहुत बड़ी समस्या होगी - "any other business as may be notified by the Central Government in this behalf;"

Page 5, *omit* lines 5 and 6. (49)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री रितेश पाण्डेय द्वारा खंड 4 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 49 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 4 यथासंशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड *4* यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड *5* विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 6 Amendment of Section 115JB

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 21 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: I beg to move:

Page6, line 23,-

for "fifteen"

substitute "twenty-five". (21)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 6 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 21 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

Amendment made:

Page 6, line 20,-

after "previous year"

insert "relevant to the assessment year". (42)

(Shrimati Nirmala Sitharaman)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 6 यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 6 यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 7 Amendment of Section 115 QA

Amendment made:

Page 6, line 35,-

for "before"

substitute "on or before". (43)

(Shrimati Nirmala Sitharaman)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 7 यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 7 यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 8 Amendment of Act No. 230 of 2019

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 22 से 27 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, here it is, in the case of domestic company; my amendment is, 'in the case of manufacturing domestic company'. That is the only amendment.

I beg to move:

Page 6, line 44,-
for "in case of a domestic"
substitute "in case of a manufacturing domestic". (22)

Page 7, line 12,-
for "ten"
substitute "twenty-five". (23)

Page 7, line 15,-
for "fifteen"
substitute "thirty". (24)

Page 7, line 18,-
for "twenty-five"
substitute "thirty-five". (25)

Page 7, line 23,-
for "thirty-seven"
substitute "fifty". (26)

Page 7, line 38,-
after "domestic company except such domestic"
insert "manufactory domestic company except such manufacturing domestic". (27)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 8 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 22 से 27 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

प्रश्न यह है :
"कि खंड 8 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 8 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 9 Amendment of Part II of First Schedule

माननीय अध्यक्ष : प्रो. सौगत राय – उपस्थित नहीं।

Amendment made:

Page 8, line 15,-
for "excluding"
substitute "including". (44)

(Shrimati Nirmala Sitharaman)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 9 यथा संशोधित, विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

खंड 9 यथा संशोधित, विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 10 विधेयक में जोड़ दिया गया।

खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: I beg to move:

"That the Bill, as amended, be passed."

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि विधेयक, यथा संशोधित, पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Hon. Speaker, Sir, 1st December was the birthday of Raja Mahendra Pratap. He hailed from Aligarh, but was an eminent freedom fighter who had fought against the British rule tooth and nail. He was a raja by heart and was a property holder who had given away 99 acres of land for construction of Aligarh Muslim University. Not only that, he had formed a Government in exile during the 1930s before the Second World War which was recognised by 27 countries. He had deputed ambassadors to those countries and it was recognised as a Government in exile before Netaji Subhas Chandra Bose formed Azad Hind Government in exile later on during the forties.

His name is not enshrined in the history of Aligarh Muslim University; not even a portrait is displayed in Aligarh Muslim University. Very few people know that he had contributed 99 acres of land for the construction and establishment of Aligarh Muslim University. December 1st is his birthday and he reached 130 years of his birthday.

My request to the Government is this. As Aligarh Muslim University is a Central University, all adequate steps should be taken to commemorate the life and deeds of Raja Mahendra Pratap who was also the first President of All India Freedom Fighters' Samiti.

With these words, I conclude.

माननीय अध्यक्ष : डॉ. सत्यपाल सिंह को श्री भर्तृहरि महताब द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती मीनाक्षी लेखी। आपस में बात नहीं करें। अपना भाषण, वक्तव्य दें।

श्रीमती मीनाक्षी लेखी (नई दिल्ली): मुझे लगा कि आज मेरे को मौका मिलने नहीं वाला, इसलिए मैं चली गई थी।

माननीय अध्यक्ष : आपका लिस्ट में नाम था।

श्रीमती मीनाक्षी लेखी: सर, 19 नम्बर था। सुबह नहीं हुआ तो मुझे लगा कि रह गया।

अध्यक्ष जी, मेरा जो ओरिजनल विषय था, वह ओरिजनल विषय तो महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में वर्क फोर्स में जोड़ने से जुड़ा हुआ था। लेकिन आज सभा में जो कुछ चला तो मुझे लगता है कि सुरक्षा की दृष्टि से, अगर आपकी अनुमति हो तो मैं थोड़ा सा बोल दूँ। जो कुछ हैदराबाद में हुआ, राजस्थान में हुआ, अन्य प्रदेशों में हुआ और देश भर से इस किस्म की खबरें आईं कि हम सब लोगों के लिए चिन्ता का विषय है और लगातार चिंता भी हो रही है। वर्ष 2014 के बाद और निर्भया केस, 2012 से हम शुरू करें तो कानून में जो-जो बदलाव लाने थे, वे बदलाव लाए गए और सज़ा को अधिक से अधिक सख्त बनाया गया। लेकिन लॉ एंड ऑर्डर राज्य का विषय होने के कारण मुझे लगता है कि बीपीआरएंडडी द्वारा और होम मिनिस्ट्री द्वारा इस पर दो किस्म की रिसर्च होनी चाहिए। पहली रिसर्च तो यह होनी चाहिए कि एक्यूज्ड की क्या प्रोफाइल है? जो लोग इस तरह की निर्मम हत्याएँ करते हैं, बालिकाओं के साथ बलात्कार करते हैं और छोटी उम्र के बच्चों के साथ ऐसा करते हैं, उनकी एक प्रोफाइलिंग होनी चाहिए। उसको प्रोपर रिसर्च तरीके से देखा जाना चाहिए। दूसरी चीज, जो डिलेज़ हैं, कोर्ट कचहरी के बाद, कोर्ट कचहरी में भी डिले है, उसको भी संज्ञान में लिया जाए और

कोर्ट कचहरी के बाद में सज़ा को लेकर, जिस तरह की राजनीति होती है, उस पर भी एक रिसर्च आनी चाहिए। मुझे ऐसा लगता है कि जो लोग मोमबत्तियां लेकर बाहर निकलते हैं, वही लोग डेथ पैनल्टी का विरोध करते हैं। जब डेथ पैनल्टी कोर्ट ने दे दी तो उसके बाद जो डिलेज़ हैं तो फाइल नोटिंग्स आदि भी जनता के सामने आए। क्षेत्र की जनता और देश की जनता के सामने आए कि कौन अफसर, कौन नेता या वे लोग हैं, जो इन सबमें हस्तक्षेप करते हैं और डेथ पेनल्टीज को डिले करते हैं। साथ ही मुझे ऐसा लगता है कि महिला सुरक्षा को लेकर जो फिजिकल ट्रेनिंग है, वह बच्चियों के लिए इम्पेरिटिव होनी चाहिए, अनिवार्य होनी चाहिए ताकि महिलाओं अपने आपको खुद सुरक्षित महसूस करें। पुरुषों की भी बाल्यकाल से ट्रेनिंग होनी चाहिए ताकि इस तरीके की चीजें न हों। जिला स्तर पर यह काम होना चाहिए। बहुत-बहुत आभार।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. संजय जायसवाल को श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भू-जल का जो गिरता स्तर है, उस चिंता के विषय की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। विशेष रूप से दिल्ली राजधानी के अंदर अभी अखबारों, टेलीविजन के माध्यम से देखने को मिला है कि जनवरी, 2020 तक भू-जल जीरो के करीब रेटिंग पर नीचे ग्राउंड लेवल पर पहुँच जाएगा। यह बहुत चिंता का विषय है। राज्य की सरकारें इसकी चिंता नहीं कर रही हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी भी इस बात को लेकर बहुत चिंतित हैं और वे समय-समय पर इस बात को दोहरा भी रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भू-जल को कैसे और ऊपर लाया जाए, वरना वह जिस जीरो लेवल पर जा रहा है, उससे जहरीले लवण उसके अंदर आ रहे

हैं। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने अभी यह पाया है, उस कमेटी को भी उसमें जहरीले लवण मिले हैं। यमुना के किनारे बदरपुर विधान सभा में ओज़ोन के माध्यम से लगभग तीन किलोमीटर लंबे एरिया को ओज़ोन करके वहाँ लोगों को प्रताड़ित किया जाता है। भ्रष्टाचार के माध्यम से वहाँ पर जो दोहन जमीन का होता है, क्योंकि उसका लेवल, अगर वहाँ पर डीमॉर्केशन प्रॉपर-वे में हो जाए कि यमुना के किनारे 40-60-70 मीटर, कितना वह ओजोन है, जिसके अंदर उसका रख-रखाव हो। सरकारी एजेंसियाँ उस पर ध्यान नहीं दे रही हैं। इस पर एक सख्त कानून की आवश्यकता है। सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से राज्य सरकारों को इस प्रकार का आदेश जाना चाहिए कि वे इसकी चिंता करें। जो बोर कराते हैं, उन बोर के माध्यम से भ्रष्टाचार भी हो रहा है और साथ ही साथ 100 फीट पर पानी आ नहीं रहा है। गाँवों के अंदर जो तालाब हैं, वहाँ पर कूड़े के ढेर बन गए हैं। दिल्ली के अंदर कम से कम 300 तालाब हैं। पिछले चार वर्ष में एक भी तालाब को साफ करके किसी में कुछ काम नहीं किया गया है। मैं उनकी फोटो भी लेकर आया हूँ। आर्य नगर से लेकर, घिटोरनी से लेकर, जसोला, मैदान गढ़ी, नेब सराय आदि में लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं। वहाँ भू-जल स्तर बढ़ जाए, उन तालाबों के रख-रखाव की व्यवस्था हो, इसके लिए एक कानून बनना चाहिए। यह एक क्रिमिनल ऑफेंस होना चाहिए कि अगर कोई सोसायटीज के अंदर वाटर हार्वेस्टिंग को नहीं करेगा तो उसके खिलाफ यह कार्रवाई होगी। ऐसी व्यवस्था केंद्र के माध्यम से होनी चाहिए। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): महोदय, आप जानते हैं कि महाराष्ट्र में सरकार बनने में क्या-क्या समस्याएं आईं। इसके दरम्यान एक बयान हमारे सांसद श्री अनंतकुमार हेगड़े जी ने कल किया और

वह बयान यह किया कि दो दिन के लिए हमारे मित्र देवेंद्र जी, जो मुख्य मंत्री बने, वे इसलिए बने कि केंद्र की सरकार की तरफ से जो 40 हजार करोड़ की मदद राज्य को मिली थी, वह वापस करने के लिए बने। इस तरह से बयान करना और सारे महाराष्ट्र में इससे लोग बहुत गुस्से में हैं कि केंद्र की मदद मिली हुई है, वह वापस करने के लिए देवेंद्र जी दो दिन के लिए मुख्य मंत्री बने। इस तरह का बयान सत्ता पक्ष के सांसद करते हैं, तो उसे गंभीरता से लेना चाहिए।

मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि आपके माध्यम से ऐसे बयान करने पर उसकी जांच की जाए कि सही में क्या किया, क्या हुआ, यह पता चलना चाहिए। मैं आपसे विनती करता हूँ कि शून्य प्रहर में आप थोड़ा उनको कहें।

DR. RAJASHREE MALLICK (JAGATSINGHPUR): Hon. Speaker, Sir, Paradip port is one of the major ports in my constituency. Paradip port is number one among all major ports of India in terms of rated capacity of berth. The port is having berth handling capacity of 234 million metric tonnes per annum. Presently, a number of major industries like IOCL refinery, IFFCO, Paradip Phosphates Limited, Paradip Plastic Park Limited and ESSAR steel have establishments at Paradip. These industrial unites are also expanding their capacity.

The Cuttack-Paradip Road is the only State highway connecting Paradip to NH-16 at Cuttack and also providing connectivity to Bhubaneswar, the State capital and many other major cities like Puri, Khurdha, Berhampur, Rourkela, Angul, Sambalpur etc. A number of loaded vehicles from different parts of India are using this State highway to arrive at Paradip. The total length of this State

Highway is 90 kilometres. The road was improved 10 years back with concrete pavement for a width of 10.5 metre carriage way, out of the State fund.

Due to rapid growth of industrial activities at Paradip, the vehicular traffic on this State Highway is increasing tremendously day by day causing frequent accidents. A number of blackspots have been identified on this State Highway.

Considering the necessity and public demand, I would request for widening of this road into a four-lane road. Sufficient land is available for such widening.

My request to the hon. Minister of Road Transport and Highways, Government of India is to take necessary action to make this State Highway No.12 into a National Highway.

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर आपके माध्यम से संसद का और देश का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

महोदय, इस देश की 72 फीसदी आबादी, जो गांवों में रहती है, वह किसानी करती है। शिक्षा विभाग, सेना, पुलिस विभाग, कचहरी, न्याय विभाग में काम करने वाले और इसी तरह सभी विभागों में काम करने वाले लोग जब अवकाश प्राप्त करते हैं तो उन्हें उनकी जमा राशि मिलती है और पेन्शन मिलती है। यह कहा जाता है कि वे राष्ट्र का काम कर रहे हैं, राष्ट्रहित में काम कर रहे हैं। हिन्दुस्तान के गांवों में रहने वाले 72 फीसदी किसान अनाज पैदा करते हैं, फल पैदा करते हैं, सब्ज़ी पैदा करते हैं, दूध पैदा करते हैं, घी पैदा करते हैं। वे खाते भी हैं और खिलाते भी हैं। हिन्दुस्तान के 40 प्रतिशत लोग खेती नहीं करते हैं। वह उनके भरण-पोषण के लिए भी अन्न पैदा करता है।

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि किसानों को पेन्शन क्यों नहीं मिलनी चाहिए? इसलिए एक किसान होने के नाते मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन करता हूं कि भारत के किसानों को पेन्शन जरूर मिलनी चाहिए।

भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई ने जो छ: हजार रुपये किसान सम्मान निधि का दिया है, इससे किसानों की बहुत बड़ी सहायता हुई है। कार्तिक के महीने में मैं अभी क्षेत्र से आया हूं। वहां किसान कह रहे हैं कि यह बहुत बड़ी राहत है। इसलिए मैं आपके माध्यम से पुरजोर तरीके से इस बात को कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के किसानों को पेन्शन देने की योजना सरकार के द्वारा घोषित की जानी चाहिए क्योंकि 60 वर्ष की आयु के बाद जब किसान खेती का काम बंद कर देता है तो उसका जीवन बड़ी तंगहाली में व्यतीत होता है।

महोदय, मैंने इसे देखा है और आपने भी देखा है। इसलिए मैं आपसे विनम्रता से निवेदन करता हूं कि इस मामले में आप भी मुझे सहायता प्रदान करें। देश के किसानों को पेन्शन देने की योजना भारत सरकार जरूर बनाए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ. सत्यपाल सिंह एवं श्री देवजी एम. पटेल को श्री वीरेन्द्र सिंह के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG): Hon. Speaker, Sir, any words, however strong, would be too small to condemn the tragic, barbaric and dastardly Hyderabad incident. Why do such incidents occur again and again in different parts of the country? Is the law less deterrent and less stringent? The answer is a clear ‘no’. Law is well equipped to deal with such situations. Are trials prolonged?

No. Reports from Madhya Pradesh, Rajasthan and Delhi show that in some cases trials have been concluded within seven days.

The area that needs to be addressed is ignorance or failure in duty on the part of the police officers in registering the matter. In the Hyderabad incident also, the police station to which the family reported first failed and avoided to register the FIR, though it was well-known to the police that irrespective of territorial jurisdiction, a zero FIR was to be registered even if the occurrence had not taken place within the jurisdiction of that police station. Had the police acted in time, it is said that the life of the victim could have been saved. So, in all such cases, where police refuses or avoids to register the case, the police officer should be made an abetter in the consequences of not registering a case by him.

Second is that too much emphasis has been laid on the severity of the punishment. The severity of punishment by itself is not an answer. The gradation of punishment is well intended by the lawmakers. It is disturbing that most of the rape cases now reported are of rape and murder. It is because the person who is not able to control his insane impulses, in most of the cases, understands that he has to suffer any punishment so why not to go for the ultimate act, that is, of killing the victim.

In my opinion, the focus should be on the police officer and he should be made accountable in all such cases where there is negligence on his part. Thank you.

श्री जुएल ओराम (सुंदरगढ़): स्पीकर महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र राउरकेला शहर के रेलवे कॉलोनी के बीचों-बीच एक रास्ते का निर्माण होना प्रस्तावित है। इस रास्ते के लिए जमीन अधिग्रहण की परमिशन देने के लिए रेलवे ने 200 करोड़ रुपये की डिमांड की है। इससे रेलवे भी लाभान्वित होगा। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन कर रहा हूं कि 200 करोड़ रुपये का वेव आउट करने के लिए राज्य सरकार ने जो प्रस्ताव दिया है, उसको माफ कर दिया जाए और उस रास्ते का निर्माण करके वहां के लोगों को सुगमता देने का प्रयास किया जाए। धन्यवाद।

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण): अध्यक्ष महोदय, हमारा संसदीय क्षेत्र सारण है। जिस प्रकार से आपके पुष्कर का मेला है, उसी प्रकार से सोनपुर मेला भी ग्रामीणों का मेला है। वहां लाखों लोग इस माह आते हैं। हम लोग बचपन से इस मेले में जाया करते थे। जो सोनपुर का मेला है, वह किसानों का ही मेला है। वहां का सबसे बड़ा आकर्षण हाथी हुआ करता था।

महोदय, हम इस बात को मानते हैं और मैं भी पशु-पक्षियों का प्रेमी हूं। आज पूरी दुनिया में 44,000 हाथी हैं, उनमें से भारत में ही 60 प्रतिशत हाथी है, जो एशिएटिक एलिफैंट है। उसमें भारत में लगभग 27,000 हाथी बचे हैं, जो चिंता का विषय है। सोनपुर को गजगृह के नाम से जाना जाता है। जब हाथी गंडक नदी में गया, मगरमच्छ ने उसके पांव को पकड़ लिया और वह छटपटा रहा था, तो भगवान ने अवतरित होकर उसको बचाया, इसी का इतिहास है। इसका हजारों वर्ष पुराना इतिहास है।

महोदय, आज ऐसे स्थानों पर जहां हाथी का महत्व है और जहां हाथी जाते हैं, भारत सरकार का जो कानून है, वह कहता है कि हाथी कहीं नहीं जा सकते हैं, जिस प्रकार ऊंट को राजस्थान से

बाहर जाने पर प्रतिबंध है, उसी प्रकार से हाथियों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। मैं हाथी का सेवक हूं। केरल राज्य से इसका कानून केन्द्र सरकार की अनुमति के लिए प्राप्त हुआ है। वहां हाथी को कैसे रखना है, हाथी की देखभाल कैसे करनी है, उसका खानपान कैसे करना है, उसका घर कैसा हो, उसका महावत कैसा हो, उसके काम करने के घंटे कितने हों, उसमें ये सभी तय है। बिहार सरकार ने अभी तक कोई कानून नहीं बनाया है। आज के बच्चों को मालूम होना चाहिए कि हाथी कैसा होता है। उसे देखने के लिए हमेशा चिड़ियाघर में जाना पड़े, जंगल में जाना पड़े। ऊंट कैसा होता है, उसे देखने के लिए चिड़ियाघर में ही जाना पड़े। अब ऐसी स्थिति आ गई है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहूंगा कि इस पर जो रोक लगी है, कम से कम प्रदर्शनी तथा हाथी की देखभाल के दृष्टिकोण से उस रोक को हटाया जाए। देश में हाथी का पूजा-पाठ भी बहुत पुराना प्रचलन है। सोनपुर मेला में प्रत्येक वर्ष वन अधिकारी इस पर रोक लगाते हैं। इसके लिए बिहार सरकार कानून बनाए और हाथियों के आगमन पर जो रोक है, उसे हटाने के लिए सदन के माध्यम से मैं आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार सरकार भी इस कानून में संशोधन लाए और केन्द्र सरकार भी उसमें अपनी सहमति दे। धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया): अध्यक्ष महोदय, सोनपुर में हाथी का मेला केवल देखने के लिए नहीं लगना चाहिए, बल्कि वहां हाथी का मेला लगने से किसानों के लिए भी एक बड़ा व्यापार का केन्द्र हो जाता है।

SHRI B. MANICKAM TAGORE (VIRUDHUNAGAR): Thank you, Sir, for giving me this opportunity.

Sir, I represent an aspirational district, Virudhunagar where two National Highways – Madurai to Kanyakumari and Madurai to Thoothukudi – pass through my constituency. There are three black spots on these highways at Padandal, Virudhunagar Collectorate and in Valayankulam area.

For the last six years, we have been trying to impress upon the authorities to construct flyovers or underpasses at these areas. More than 70 people have died at these places. Recently, poor children who were going across the highway from one village to another have been killed in a road accident there.

I request the hon. Minister of Road Transport and Highways to take care of these spots on National Highways in Virudhunagar district which is an aspirational district. I hope the Government will take care of it and construct flyovers or underpasses on these roads. Thank you, Sir.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। दिनांक 29/8/2018 को राजस्थान के उदयपुर में एक नेशनल हाईवे का उद्घाटन समारोह हुआ था। उसमें सम्माननीय नितिन गडकरी साहब ने घोषणायें की थीं कि झेरड़ा जो गुजरात स्थित है, वहां से सिरोई तक रेवधर और मंडार बाई पास करते हुए नेशनल हाईवे की घोषणा हुई थे। हमारा हिलस्टेशन माउंट आबू है। अध्यक्ष महोदय, आप भी वहां पर बहुत बार आए हुए हैं। आप और मैं वहां ब्रह्मकुमारी में भी गए थे। वहां आबू रोड से माउंट आबू तक भारत माला के तहत एक सड़क का निर्माण करना था, उसकी भी घोषणा हुई थी। इसके अलावा जालोर और आहोर पर रेलवे फाटक है, जिसकी मैं बार-बार चर्चा करता हूं। वहां हमेशा

ट्रैफिक जाम रहता है। उस फाटक का नंबर सी-48 है। डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर होने के नाते वहां पर हमेशा आवागमन बाधित रहता है और कई लोगों की जानें वहां पर जा चुकी हैं।

महोदय, हमने वहां पर एक आरओबी की मांग की थी। इसकी केंद्र सरकार से भी मांग थी और स्टेट गवर्नमेंट ने भी इसके लिए कहा था, लेकिन वह अभी तक नहीं हुआ।

रोहिट से लेकर जालोर तक नेशनल हाईवे की घोषणा हुई थी और जालोर से सांचोर नेशनल हाईवे की घोषणा हुई थी। अधिकारियों की लापरवाही समझें या क्या समझें, समझ में नहीं आ रहा है, एक केंद्रीय मंत्री की घोषणा करने के बावजूद अभी तक वहां पर कोई कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसलिए मैं आपके माध्यम से नम्र निवेदन और सरकार से अपील करना चाहूंगा कि जो घोषणा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी साहब ने की है, उन घोषणाओं पर जल्दी से जल्दी अमल किया जाए। झेरड़ा से सिरोई नेशनल हाईवे, आबू रोड से माउंट आबू भारत माला के तहत वह रोड, सी-48 फाटक पर आरओबी जल्दी से जल्दी बनाया जाए, क्योंकि वह नेशनल हाईवे है और रोहिट से लेकर सांचोर तक का नेशनल हाईवे बनाने की मेहरबानी करें। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं और आपसे संरक्षण भी मांग रहा हूं कि आप इसमें हमें थोड़ा संरक्षण दीजिए, ताकि हम बच सकें।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री देवजी एम. पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

KUMARI GODDETI MADHAVI (ARAKU): Hon. Speaker, Sir, Araku Valley coffee is praised and recognised all across Europe and other foreign countries. It had even won an award in the year 2018 in Paris.

There are 93,000 tribal farmers, cultivating 1.5 lakh acres of land, producing about 10,000 tonnes of coffee each year. Though people are paying between Rs. 150 and Rs. 300 per cup, the farmers are being paid only about Rs. 60 per kilogram. This disparity in pay is leaving farmers in dire situations.

Sir, 80 per cent of India's coffee goes to foreign countries. Indian coffee is preferred due to its unique less acidic taste. If the coffee is being sold at adequate market price, then the farmers should also be able to sell their produce at an adequate price. The Government must find a way to balance this disparity in pricing. In my constituency, there are many coffee plantations.

Sir, through you, I would like to request the hon. Minister of Commerce to allot one coffee processing unit in Paderu constituency.

Thank you.

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद। आपके माध्यम से मैं देश के प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी को और गृह मंत्री अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहूंगा। इस सदी की सबसे भीषण तबाही मेरे संसदीय क्षेत्र में आई थी, जिसके कारण 40 हजार से अधिक घर टूटे थे और किसानों की फसलें बर्बाद हुई थीं, व्यापारियों का व्यापार और स्टॉक तबाही की ओर गया था। माननीय अमित शाह जी ने एसडीआरएफ के फंड में 1,066 करोड़ रुपये की बड़ी राशि तत्काल स्वीकृत की थी। हमारे आग्रह पर अभी 1,000 करोड़ रुपये की राशि उन्होंने और स्वीकृत की है।

मैं आपके माध्यम से राज्य शासन से भी अपेक्षा चाहूंगा कि यह राशि किसानों के कल्याण के लिए और किसानों की राहत के लिए तत्काल उनके खातों में ट्रांसफर करें। इस राशि का किसी और मद में या जो कांग्रेस का घोषणापत्र है, उसके अनुरूप उपयोग करने के लिए उसका उपयोग न हो, इसके लिए मैं आपसे पुन:-पुन: आग्रह करूंगा।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री सुधीर गुप्ता द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं। मैं जिस जिले की नुमाइंदगी कर रहा हूं वह जौनपुर है, वह उत्तर प्रदेश का प्राचीन और ऐतिहासिक शहर है। प्राचीन काल से शिक्षा एवं संस्कृति का केन्द्र रहा है इसी कारण से इसे शिराजे हिन्द भी कहते हैं इसका मतलब शिक्षा का केन्द्र होता है। इतिहासकारों के अनुसार शेरशाह सूरी ने भी यहीं से शिक्षा ग्रहण की। शेरशाह सूरी का बनवाया हुआ किला आज भी शहर के मध्य में मौजूद है। तेरहवीं और चौदहवीं शताब्दी में जौनपुर शर्की किंगडम की राजधानी भी हुआ करता था। अकबर ने वासियों की सुविधा के लिए शहर के मध्य से प्रवाहित होने वाली गोमती नदी पर शाही पुल का निर्माण कराया था जो आज भी मौजूद है तथा इसे शाही पुल के नाम से ही जानते हैं।

जौनपुर शिक्षा के क्षेत्र में भी सिरमौर रहा है। अगर ऑल इंडिया सर्विसेज लेवल का ग्रेडेशन लिस्ट देखें तो आईएएस, आईपीएस, आईएफएस देखें तो आज पाएंगे जौनपुर में सबसे ज्यादा ऑल इंडिया सर्विसेज के ऑफिसर्स हैं। उसी तरह से प्रदेश में भी देखें तो पीसीएस और अन्य सर्विसेज में जौनपुर शहर के सबसे ज्यादा लोग हैं। जौनपुर जनपद में एक यूनिवर्सिटी है और कई दर्जन डिग्री कॉलेज हैं। उसी में से एक सिरमौर कॉलेज है, तिलकधारी डिग्री कॉलेज है जहां से मैं पढ़ा हूं।

महोदय, मैं एक बात कहना चाहता हूं। चिराग तले अंधेरा होता है। एमपी होने के बाद जब मुझे सेंट्रल स्कूल में एडमिशन के लिए कूपन इश्यू करना पड़ा, तब मुझे यह पता लगा कि जौनपुर सब कुछ होते हुए भी सेंट्रल स्कूल नहीं है। मुझे यह बताया गया कि हमारे बच्चे नेबरिंग डिस्ट्रिक्ट बनारस या इलाहाबाद में पढ़ने के लिए जाएंगे।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि जौनपुर जनपद के साथ बहुत बड़ी ज्यादती है, बहुत बड़ा अन्याय है, एक सेंट्रल स्कूल की स्थापना जौनपुर जनपद में शीघ्र हो। ऐसा आप उत्तर प्रदेश या केन्द्रीय विद्यालय संगठन को निर्देशित करने का कष्ट करें, कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आठ बजे तक सदन चलेगा, आप अपनी बात एक-एक मिनट में कह दें।

SHRI RAJMOHAN UNNITHAN (KASARAGOD): Mr. Speaker, Sir, thank you.

The UN is observing 2019 as the International Year of Indigenous Languages. In this context, I would like to invoke the Yuelu Proclamation made by the UNESCO at Changsha, the People's Republic of China in 2018. It says: "The protection and promotion of linguistic diversity helps to improve social inclusion and partnerships. It helps to reduce the gender and social inequality between different native speakers, guarantee the rights for native speakers of endangered minority, indigenous languages as well as non-official languages and dialects to receive education, enhance the social inclusion level and social decision-making ability".

I raise here the long-pending aspiration of a minority and non-official linguistic community called Tuluva people. The native speakers of the Tulu language are referred to as Tuluvas.

Tulu is a Dravidian language whose speakers are mainly concentrated in two coastal districts of Karnataka in south-western India, and in Kasaragod District of Kerala. The Indian Census Report of 2011 reported a total of 18,46,427 native Tulu speakers in India. The Tulu-speaking people are larger in number compared to Manipuri and Sanskrit which have the Eighth Schedule status. …(*Interruptions*)

Tulu is not currently an official language in India or any other country. Efforts are being made to include Tulu in the Eighth Schedule of the Constitution. If Tulu is included in the Eighth Schedule, then it would get recognition from the Sahitya Academy. Then, we could get Tulu books translated into other recognised Indian languages. Members of Parliament and MLAs could ask questions in Tulu in Parliament and in State Assembly also. Candidates could write all-India competitive examinations, like the Civil Services Examination in Tulu.

So, the Government should take necessary steps immediately to include Tulu language in the Eighth Schedule of the Constitution. Thank you.

Prof. ACHYUTANANDA SAMANTA (KANDHAMAL): Sir, I am grateful to you that you have given me an opportunity to speak during Zero Hour.

It has been Odisha's long-standing demand that the Kalinga Regiment of the Indian Army may be named after the great State of Odisha comprising many brave soldiers of the State.

Odisha has been contributing to the proud heritage of the Indian Army for several decades. It is in this background that through the Hon. Speaker, Sir, I request the hon. Union Minister of Defence, Shri Rajnath Singh to consider the creation and establishment of Kalinga Regiment honouring the brave Odisha people, both past and present, of the Indian Army and the State's invaluable contributions to the defence of the nation.

Our hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik has often written to the hon. Minister and these thoughts have been echoed by prominent Odisha leaders and representatives of the Biju Janata Dal on several occasions and it is my utmost belief that this patriotic step will be taken in earnest by the hon. Union Minister of Defence.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): माननीय अध्यक्ष जी, आज तारीख 2/12 यानी 2 दिसम्बर है और मेरा सवाल भी इसी से जुड़ा हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र नासिक ओज़हर में अत्याधुनिक एयरपोर्ट है, लेकिन नासिक से अन्य शहरों के लिए विमान सेवा नहीं है। नासिक से दिल्ली विमान सेवा एक साल से बंद है। आज की तारीख में मेरी मांग है कि इसे दोबारा शुरू किया जाए। इसके साथ ही नासिक के डैवलपमेंट पर विचार किया जाए। यहां एयर कनैक्टिविटी बहुत ही आवश्यक है। नासिक में उद्योग और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विमान सेवा बहुत जरूरी है। यहां त्र्यम्बकेश्वर महान ज्योतिर्लिंग

है । नासिक एक बड़ा धार्मिक क्षेत्र है । यहां यात्रियों को सुविधाएं मिलनी चाहिए । नासिक के साथ धुलिया, जलगांव, नंदुरबार के लोगों को इससे सुविधा मिलेगी।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि नासिक से दिल्ली विमान सेवा जल्दी शुरू की जाए और नासिक से अन्य शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने पर जल्द विचार किया जाए।

SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANYAKUMARI): Thank you very much, Sir. I am from Kanyakumari. So many times, I requested our Minister of National Highways to repair the roads of NH47 and NH9. People are unable to move out of Kanyakumari. For medical treatment, most probably, all the people are going to Trivandrum.

We also requested our Aviation Minister for one helipad. If road is not there, people can be taken by the helicopter. The Government should immediately rectify NH47.

The State roads are also very damaged. So, I request through you, Sir, please rectify all the roads in Kanyakumari district.

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Thank you, Sir. First of all, I strongly condemn the heinous incident that happened in Hyderabad.

Moral education influences among the students, social thinking of the individual and makes him/her distinguish between what is right and what is wrong.

That will help them individually to lead a good life and, at the same time, they will become productive, contributing members of our society as a whole.

Because of non-inclusion of moral education in school and college syllabus, the country is witnessing heinous crimes, even committed by children in the recent past.

Hence, I appeal to the Government through you, Sir, that moral education is to be imparted compulsorily to school and college going students and ensure that moral education should be an integral part of the school and college curriculum all over India.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय अध्यक्ष जी, सरकार ने ढाई लाख गांवों में इन्फ्रास्ट्रक्चर फैलाकर डिजिटल इंडिया का ध्येय तय किया है। इसी सत्र में लोक सभा में प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि 26,000 गांव ऐसे हैं जहां मोबाइल सेवा नहीं पहुंची है। इन्हीं में मेरे लोक सभा क्षेत्र में जनजाति के 30 गांव हैं जहां मोबाइल सेवा नहीं है। चार साल पहले यह काम स्वीकृत हो गया था और वहां कुछ काम भी हो गया था, लेकिन दो वर्षों से काम रुक गया है।

20.00 hrs

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी के जनजातीय क्षेत्र में मोबाइल सेवा प्रारंभ करने के लिए जो स्वीकृत योजनाएं हैं, उन पर शीघ्र काम प्रारंभ कराकर उनके टॉवर बनाए जाएं और मोबाइल सेवा शुरू करके डिजिटल इंडिया के लक्ष्य से इसको जोड़ा जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि पीएसीएल कंपनी, जिसमें लगभग देश के 6 करोड़ लोगों का पैसा फंसा हुआ है, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से गठित समिति ने उसकी लगभग 26 हजार संपत्तियां अटैच कर ली हैं। लेकिन, सेबी पेमेंट करने में कोताही बरत रही है। सेबी ने भी निर्देश दिए हैं कि जिन निवेशकों के पांच-पांच हजार रुपये हैं, उनको दिए जाएं। अगर किसी निवेशक के पांच हजार पांच सौ रुपये हैं तो उनको पैसे नहीं मिल रहे हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि सबको पैसा जल्द से जल्द दिलाया जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री देवजी एम. पटेल को श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय सदस्यगण, जो माननीय सदस्य यहां विराजमान हैं और जिन्होंने रिक्वेस्ट की है, उन सभी माननीय सदस्यों को कल शून्य काल में बोलने का निश्चित रूप से अवसर दिया जाएगा।

सभा की कार्यवाही मंगलवार दिनांक 3 दिसंबर, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

20.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, December 3, 2019/Agrahayana 12, 1941(Saka).